हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 6, अंकः 147, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 13 नवम्बर, 2021 दिन शनिवार गाजीपुर/वाराणसी

## पीएम ने लॉन्च कीं आरबीआई की दो योजनाएं बोले- देश में निवेश के दायरे का होगा विस्तार

### सुरक्षित निवेश का बेहतर विकल्प, छोटे निवेशकों को अच्छे रिटर्न का भरोसा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज भारतीय रिजर्व बैंक की दो प्रमुख योजनाओं को लॉन्च किया। ये योजनाएं हैं, आरबीआई खुदरा प्रत्यक्ष योजना और रिजर्व बैंक-एकीकृत लोकपाल योजना। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर संबोधित करते हुए कहा कि आरबीआई वित्तीय मामलों में हमेशा संवाद बनाए रखता है। इन दोनों योजनाओं से देश में निवेश के दायरे का विस्तार होगा। इनके जरिए छोटे से लेकर बड़े निवेशकों को लाभ होगा, साथ ही पारदर्शिता भी आएगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत अर्थव्यवस्था में सबकी भागीदारी की भावना का सम्मान करना और उसे बढ़ाना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना के इस चुनौतीपूर्ण कालखंड में वित्त मंत्रालय, आरबीआई और अन्य वित्तीय संस्थाओं ने बहुत प्रशंसनीय कार्य किया है। आज जिन दो योजनाओं को लॉन्च किया गया है, उनसे देश में निवेश के दायरे का विस्तार होगा और निवेशकों के लिए कैपिटल मार्केट तक पहुंच अधिक आसान, अधिक सुविधाजनक होगी। अभी तक गर्वमेंट सिक्यूरिटी मार्केट में हमारे मध्यम वर्ग, कर्मचारी, छोटे व्यापारी, वरिष्ठ नागरिकों को सिक्योरिटीज में निवेश के लिए बैंक इंश्योरेंश या म्यूचुअल फंड



जैसे रास्ते अपनाने पड़ते थे। अब उन्हें सुरक्षित निवेश का एक और बेहतर विकल्प मिल रहा है।

प्रधानमंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि आरबीआई की योजना से देश के बड़े वर्ग को देश की संपदा के निर्माण में सीधा निवेश करने में आसानी होगी। भारत में छोटे निवेशकों को सुरक्षित निवेश पर अच्छे रिटर्न का भरोसा मिलेगा। उन्होंने कहा कि टीम आरबीआई देश की भावनाओं पर खरा उतरेगी और छोटे निवेश से बड़ी कामयाबी मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि ये दशक विकास की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण रहा है। बैंकिंग सेक्टर को और मजबूत करने के लिए को-ऑपरेटिव बैंकों को भी आरबीआई के दायरे में लाया गया है। इससे इन बैंकों की गवर्नेंस में भी सुधार आ रहा है। इसके साथ ही जो लाखों जमाकर्ता हैं, उनके भीतर भी सिस्टम के प्रति विश्वास मजबूत हो रहा है।

**नागरिकों की आवश्यकताओं पर ध्यान देना जरूरी-** अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सिर्फ 7 सालों में भारत ने डिजिटल ट्रांजेक्शन के मामले में 19 गुना वृद्धि की है। आज 24 घंटे, सातों दिन और 12 महीने देश में कभी भी, कहीं भी हमारा बैंकिंग सिस्टम चालू रहता है। हमें देश की, देश के नागरिकों की आवश्यकताओं को केंद्र में रखना ही होगा, निवेशकों के भरोसे को निरंतर मजबूत करते रहना होगा। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि एक संवेदनशील और इन्वेस्टर फ्रेंडली डेस्टीनेशन के रूप में भारत की नई पहचान को आरबीआई निरंतर सशक्त करता रहेगा। आरबीआई ने सामान्य नागरिक को ध्यान में रखते हुए कई अहम कदम उठाए और उसमें आज लॉन्च की गई दोनों योजनाएं मील का पत्थर साबित होंगी।

## पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति को उम्रकैद, सामूहिक दुष्कर्म मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने सुनाई सजा

लखनऊ। सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। एमपी एमएलए की विशेष अदालत ने शुक्रवार देर शाम को यह सजा सुनाई। गायत्री के दो अन्य साथियों आशीष शुक्ला व अशोक तिवारी को भी आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। तीनों पर दो लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। विशेष जज पवन कुमार राय ने 10 नवंबर को फैसला सुनाया था, जिसमें तीनों दोषी करार दिए गए थे। इस मामले के चार अन्य अभियुक्त गायत्री के गनर रहे चंद्रपाल, पीआरओ रुपेश्वर उर्फ रुपेश व एक वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी के बेटे विकास वर्मा तथा अमरेंद्र सिंह उर्फ पिंटू को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया था। शुक्रवार को तीनों अभियुक्त कोर्ट में मौजूद रहे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर गायत्री प्रसाद प्रजापति व अन्य छह अभियुक्तों के खिलाफ 18 फरवरी, 2017 को थाना गौतमपल्ली में सामूहिक दुष्कर्म, जानमाल की धमकी व पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश दुष्कर्म पीड़िता की अर्जी पर दिया था। दुष्कर्म पीड़िता ने गायत्री प्रजापति व उनके साथियों पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए नाबालिग बेटी के साथ भी दुष्कर्म का आरोप लगाया था।

## प्यार-राष्ट्रवाद वाली कांग्रेसी विचारधारा पर भारी भाजपा-संघ की नफरत वाली विचारधारा : राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को पार्टी के डिजिटल 'जन जागरण अभियान' का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने इशारों-इशारों में पार्टी नेता सलमान खुर्शीद की किताब पर चल रहे विवाद को लेकर अपनी बात रखी। राहुल ने कहा, आखिर हिदू धर्म और हिंदुत्व में क्या अंतर है, क्या वे एक ही बातें हैं। अगर वे एक ही बात हैं, तो हम उनके लिए एक जैसा नाम क्यों नहीं इस्तेमाल करते? ये जाहिर तौर पर दो अलग-अलग चीजें हैं। क्या हिंदू धर्म किसी सिख या मुस्लिम को मारना है, लेकिन हिंदुत्व का यही काम है। इसके बाद राहुल ने भाजप और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर निशाना साधा। राहुल ने कहा कि आज लोग हिंदू धर्म और हिंदुत्व को एक समझने लगे हैं, जबकि ये दोनों अलग-अलग बातें हैं। उन्होंने कहा, हमें चाहे यह पसंद हो या नहीं, लेकिन भाजपा-संघ की नफरत वाली विचारधारा कांग्रेस की प्यार और राष्ट्रवाद वाली विचारधारा पर भारी पड़ी है। हमें यह मानना होगा।



**कांग्रेस की विचारधारा का प्रसार जरूरी-** राहुल ने आगे कहा, हमारी विचारधारा अभी भी जिंदा है, जीवंत है, लेकिन इसका प्रभाव कुछ कम हुआ है। उन्होंने पार्टी की विचारधारा आगे बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि इसका प्रभाव कम इसीलिए हुआ है, क्योंकि हम इसका अपने ही लोगों के बीच ठीक से प्रसार नहीं कर पाए। राहुल ने आगे अपनी योजना को लेकर कहा, हमारी कांग्रेस का कोई भी व्यक्ति कितना भी सीनियर हो, कितना भी जूनियर हो, उसके लिए ट्रेनिंग अहम है। सिस्टमैटिकली ट्रेनिंग अहम है और यह हमें पूरे देश में करनी है। अगर हमने अपनी विचारधारा को अपने संगठन में गहराई से उतार लिया, तो हम आगे बढ़ सकते हैं।

**सलमान खुर्शीद की किताब से उठा विवाद-** गौरतलब है कि सलमान खुर्शीद ने अपनी नई किताब में हिंदुत्व की विचारधारा की तुलना आईएसआईएस और बोको हरम जैसी जिहादी इस्लामिक विचारधारा से की थी। इसे लेकर भाजपा लगातार कांग्रेस पर हमलावर है। एक दिन पहले ही भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने मामले पर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से जवाब मांगा था।

## पंजाब विधानसभा चुनावः आम आदमी पार्टी ने जारी की 10 उम्मीदवारों की पहली सूची

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी ने विधानसभा चुनाव के लिए पंजाब के 10 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। पहली सूची में पार्टी के नेता प्रतिपक्ष हरपाल सिंह चीमा सहित सभी 10 मौजूदा विधायकों के नाम शामिल हैं। 2017 के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के कुल 20 विधायक जीते थे। इनमें से 6 विधायक अभी तक पार्टी को अलविदा कह चुके हैं। वहीं चार सिटिंग विधायकों की टिकट काट दी गई है। इस सूची के मुताबिक पार्टी ने गढ़शंकर से विधायक जयकिशन रोड़ी, जगरांव से विधायक सरबजीत कौर मानुके, निहाल सिंह वाला से विधायक मनजीत सिंह बिलासपुर ,कोटकपूरा से विधायक कुलतार सिंह संधवां, तलवंडी साबो से विधायक बलजिंदर कौर, बुढलाडा से विधायक प्रिंसिपल बुधराम, दिबड़ा से विधायक हरपाल सिंह चीमा, सुनाम से विधायक अमन अरोड़ा, बरनाला से विधायक गुरमीत सिंह मीत हेयर और महिल कलां से विधायक कुलवंत पंडोरी शामिल हैं।

## जनवरी में शुरू होगा बच्चों का टीकाकरण दो से 17 साल तक के बच्चों को लगेगा टीका

गोरखपुर। स्वास्थ्य विभाग बच्चों व किशोरों के टीकाकरण के साथ ही उनकी सूची भी बढ़ाता जा रहा है। अब दो से 17 साल तक के 18 लाख बच्चों को टीका



लगाने का लक्ष्य रखा गया है। पहले यह लक्ष्य 12 लाख का था। विभाग जनवरी में इनका टीकाकरण शुरू करने की तैयारी कर रहा है। इस साल 18 से अधिक उम्र वालों का टीकाकरण पूरा करने की तैयारी है। सीएमओ डा. सुधाकर पांडेय ने बताया कि बच्चों व किशोरों के लिए जायडस कैडिला व भारत बायोटेक की वैक्सीन आ सकती है। इनका ट्रायल हो चुका है और स्वास्थ्य मंत्रालय की मंजूरी भी मिल चुकी है। जिले में बच्चों व किशारों की संख्या करीब 18 लाख है। पहले चरण में बीमार बच्चों को टीका लगाया जाएगा। आशा-आंगनबाड़ी व एएनएम को ऐसे बच्चों की सूची तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है।

**8581 लोगों को लगाया गया टीका-** कोविड टीकाकरण अभियान में गुरुवार को 114 बूथों पर 8581 लोगों को कोरोना रोधी टीका लगाया गया। 1693 को पहली व 6888 लोगों को दूसरी डोज दी गई है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. एनके पांडेय ने बताया कि वैक्सीन की कमी नहीं हैं। लोग टीकाकरण के लिए आगे आएं।

**शत-प्रतिशत टीकाकरण वाले गांवों के प्रधान होंगे सम्मानित-** कोविड टीकाकरण अभियान में शत-प्रतिशत टीकाकरण वाले ग्राम पंचायतों के प्रधानों को डीएम विजय किरन आनंद सम्मानित करेंगे। ऐसे ग्राम प्रधानों की सूची स्वास्थ्य विभाग ने तैयार की है। इनमें पांच गांव ऐसे हैं, जहां पर शत प्रतिशत टीकाकरण हो चुका है। 37 ऐसे गांव हैं, जहां पर 96 प्रतिशत लोगों को दूसरी डोज लगाई जा चुकी है।

## सलमान खुर्शीद की किताब पर देशभर में बवाल मुंबई में सड़कों पर उतरे भाजपा कार्यकर्ता

नई दिल्ली। सलमान खुर्शीद की किताब, सनराइज ओवर अयोध्या पर बवाल अब मुंबई तक पहुंच गया है। यहां पर भाजपा विधायक राम दम की अगुवाई में उनके खिलाफ विरोध-प्रदर्शन हुआ। भाजपा का कहना कहा कि उद्धव सरकार को उनकी किताब को राज्य में बैन करने के साथ ही उन्हें गिरफ्तार करना चाहिए। इसके साथ ही कहा गया कि खुर्शीद को हिंदू समाज से मांफी मांगनी चाहिए क्योंकि कांग्रेस नेता अपनी किताब के माध्यम से हिंदू समाज का अपमान कर रहे हैं। उन्हें हिंदू धर्म के बारे में नहीं पता है। उधर, मध्य प्रदेश में तो उनकी किताब पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी है। बता दें कि इस किताब में हिंदुत्व की तुलना आइएसआइएस से की गई है। मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा,' मैं मध्य प्रदेश के कानून विशेषज्ञों से राय कराऊंगा और मध्य प्रदेश में इस किताब को बैन कराएंगे। बता दें कि सलमान खुर्शीद ने अपनी नई किताब 'सनराइज ओवर अयोध्या : नेशनहुड इन आवर टाइम्स' में एक पूरा अध्याय देश में हिंदुत्व की बढ़ती विचारधारा के ऊपर लिखा है। 'द सैफ्रान स्काई' शीर्षक से लिखे इस अध्याय के पेज 113 पर उन्होंने हिंदुत्व की तुलना बोको हराम और आइएस जैसे आतंकी संगठनों से की है। एक चैनल पर सवालों का जबाव देते हुए उन्होंने जम्मू-कश्मीर में हिंदुओं की हत्या और पलायन से भी पल्ला झाड़ते हुए कहा कि बाहर हो गए तो हो गए। हम क्या करें? भाजपा ने खुर्शीद के इन दोनों बयानों पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कांग्रेस से सफाई की मांग की है। उधर, कांग्रेस के एक और नेता राशिद अल्वी ने कहा कि आजकल कुछ लोग जय श्री राम का नारा लगाकर देश के लोगों को गुमराह करते हैं, ऐसे लोगों से होशियार रहना चाहिए। आज जो जय श्री राम बोलते हैं, वे बिना नहाएं बोलते हैं। आज भी बहुत लोग जय श्री राम का नारा लगाते हैं, वे सब मुनि नहीं वे निसिचर (राक्षस) हैं।

## 'भारत को 2014 में मिली आजादी': कंगना पर भड़के नवाब मलिक, बोले- अभिनेत्री को गिरफ्तार करो, वापस लो पद्म श्री

मुंबई। महाराष्ट्र के मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता नवाब मलिक ने 1947 में भारत की स्वतंत्रता को 'भीख' या भिक्षा के रूप में वर्णित करने के लिए अभिनेत्री कंगना रनोट पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान किया है। मलिक ने कहा कि केंद्र को उनका पद्म श्री पुरस्कार वापस लेना चाहिए और उन्हें गिरफ्तार करना चाहिए।

उन्होंने कहा, 'ऐसा लगता है कि कंगना रनोट ने ऐसा बयान देने से पहले मलाना क्रीम की भारी खुराक ले ली थी।' कंगना रनोट के देश की आजादी भीख में मिलने वाले बयान पर महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक बोले, 'मोहतरमा मलाणा क्रीम (हैश की एक विशेष किस्म जो विशेष रूप से एचपी में उगती है) लेकर ज्यादा बोल रही हैं। मलाणा क्रीम का डोज ज्यादा हो गया है इसलिए उल-जुलूल की बातें कर रहीं हैं। हम मांग करते हैं कि केंद्र सरकार कंगना रनोट का



पद्मश्री वापस ले।' नवाब मलिक के अलावा भी और अन्य नेताओं ने भी अभिनेत्री से पुरस्कार वापस लिए जाने की आवाज उठाई है। बता दें कि एक टीवी पर एक कार्यक्रम के दौरान कंगना रनोट ने यह तक कह दिया था कि भारत को 2014 के बाद ही आजादी मिली, जब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार सत्ता में आई। उनके इन सब बयान को लेकर काफी बवाल छिड़ा हुआ है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता आनंद शर्मा ने रनोट की टिप्पणी को 'चौंकाने वाला और अपमानजनक' करार दिया और राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द से रनोट को दिए गए पद्म पुरस्कार को वापस लेने का आग्रह किया। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने उनकी टिप्पणी को 'बेहूदा' बताया। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के अध्यक्ष जीतन राम मांझी, जिनकी पार्टी बिहार में एनडीए के साथ गठबंधन में है, ने कहा कि सभी समाचार चैनलों को अब से अभिनेत्री का बहिष्कार करना चाहिए।

## सोनिया से दिल्ली में मिले सचिन पायलट, बताया राजस्थान में कब होगा मंत्रिपरिषद का विस्तार

नई दिल्ली। राजस्थान में सियासी उठापटक जारी है। प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार पर कांग्रेस अंतिरम अध्यक्ष सोनिया गांधी से गुरुवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मुलाकात के बाद आज भी मामला गर्म है। राजस्थान को लेकर दिल्ली में चल रही सियासी सरगर्मियों के बीच प्रदेश के पूर्व उप-मुख्यमंत्री सचिन पायलट और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस नेता सोनिया गांधी से दिल्ली, 10 जनपथ पर मुलाकात की। बैठक के बाद सचिन पायलट ने कहा कि यह बहुत अच्छा है कि सोनिया गांधी जी लगातार प्रतिक्रिया मांग रही हैं कि क्या किया जाना चाहिए। हमें इस बात पर ध्यान देने की जरूरत है कि राजस्थान में फिर से चुनाव किए जाए। सही समय पर एआईसीसी के महासचिव अजय माकन राजस्थान के संबंध में उचित निर्णय लेंगे।' बता दें कि सचिन पायलट और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के दिल्ली दौरे और शीर्ष नेताओं से मुलाकात के साथ ही राजस्थान में लंबे समय से प्रस्तावित मंत्रिमंडल विस्तार और राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर एक बार फिर अटकलें तेज हो चुकी हैं। माना जा रहा है कि जल्द ही राजस्थान में मंत्रिमंडल विस्तार और फेरबदल पर भी निर्णय हो जाएगा। बता दें कि 17 दिसंबर को गहलोत सरकार का तीन साल का कार्यकाल पूरा हो जाएगा। इस तीन साल में मंत्रिमंडल विस्तार या फेरबदल नहीं होने के पीछे पार्टी की खींचतान का सबसे बड़ा कारण माना जा रहा है। सचिन पायलट खुलकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सामने मैदान में आ गए हैं। वहीं अब इस मामले को लेकर दिल्ली में कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी के दरबार में पहुंचे गहलोत ने कल कहा था कि राज्य कैबिनेट में किसी भी तरह के फेरबेदल का अंतिम फैसला पार्टी हाईकमान को ही लेना है और जो भी फैसला लिया जाएगा वह उन्हें मंजूर होगा।

## कांग्रेस नेता राशिद अल्वी के जय श्रीराम के नारे पर टिप्पणी के बाद भाजपा का जोरदार हमला, अल्वी ने भी दी सफाई

लखनऊ। सम्भल के कल्कि महोत्सव में जय श्रीराम का नारा लगाने वालों को लेकर लेकर विवादास्पद टिप्पणी करने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राशिद अल्वी पर हमला शुरू हो गया है। भाजपा के कई नेताओं ने अल्वी के बयान के बाद कांग्रेस को निशाने पर रखकर ट्वीट किया है। उधर राशिद अल्वी ने भी अपने विवादास्पद बयान को लेकर सफाई दी है। कांग्रेस के नेता राशिद अल्वी के जयश्री राम का नारा लगाने वालों को राक्षस कहने पर भाजपा आईटी सेल के के इंचार्ज अमित मालवीय ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सलमान खुर्शीद के बाद अब कांग्रेस के नेता राशिद अल्वी जय श्री राम कहने वालों को निशाचर (राक्षस) बता रहे हैं। राम भक्तों के प्रति कांग्रेस के विचारों में कितना जहर घुला हुआ है। भारतीय जनता पार्टी से राज्यसभा सदस्य हरनाथ सिंह यादव ने कहा कि अगर आप राशिद अल्वी, सलमान खुर्शीद, अखिलेश यादव का डीएनए चेक करवाएंगे तो महमूद गजनवी, औरंगजेब और बाबर का होगा। इन सभी इन लोगों के मन में हिंदुओं के प्रति घृणा भरी है, यह लोग राम जन्मभूमि और कृष्णजन्मभूमि को तोड़ने वालों को सही साबित करने लग जाएंगे। भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस नेताओं में यह होड़ लगी हुई है कि कौन हिंदुओं को कितना ज्यादा अपमानित कर सकता है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी जब भगवान राम



और कृष्ण को काल्पनिक बताते हों, रामसेतु को तोड़ने के लिए हलफनामा देते हों और मंदिर में पूजा करने जाने वाले लड़कों को लड़कियां छेड़ने को बताते हों, हिंदुओं का इस तरीके का अपमान कांग्रेस पार्टी को बहुत महंगा पड़ेगा। सम्भल में कार्यक्रम के दौरान वायरल राशिद अल्वी के करीब दस मिनट के वीडियो पर जोरदार बहस छिड़ी है। भाजपा के कई नेताओं ने इस वीडियो को शेयर कर राशिद अल्वी पर हिंदू विरोधी बयानबाजी करने का आरोप लगाया है, लेकिन राशिद अल्वी ने आरोपों से इनकार किया है। भाजपा नेता प्रशांत उमराव ने कहा कि सलमान खुर्शीद के बाद अब कांग्रेस के नेता राशिद अल्वी जय श्री राम कहने वालों को निशाचर (राक्षस) बता रहे हैं। इससे पता चलता है धर्म को लेकर कांग्रेस के नेताओं की क्या सोच है।

**राशिद अल्वी ने दी सफाई-** कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने कहा कि मेरे भाषण के दौरान कल्कि महोत्सव में सैकड़ों साधु-संत बैठे थे, वहां पर मैंने हरगिज यह नहीं की कहा कि जयश्रीराम बोलने वाला हर आदमी राक्षस होता है, मैंने कहा है कि जयश्रीराम बोलने वाला हर आदमी मुनि नहीं होता है, श्रीराम एक आस्था का नाम है, उन पर राजनीति नहीं की जा सकती। कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने कहा कि मैंने तो यह भी कहा है कि देश में सही मायने में राम राज्य आना चाहिए, जहां पर कि नफरत का नामो निशना ना हो, भाजपा की आदत है कि किसी के बयान से एक-एक शब्द निकल कर उसका अनुचित प्रयोग करे।

## सोनीपत डबल मर्डर: दिल्ली पुलिस ने महिला पहलवान व भाई के दोनों हत्यारोपी दबोचे

सोनीपत। सोनीपत की महिला पहलवान निशा दहिया और उसके भाई सूरज की हत्या का आरोपी कोच पवन और सचिन दोनों पकड़े गए हैं। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने दोनों को हिरासत में लिया है। दिल्ली के द्वारका इलाके से इन लोगों को दबोचा गया है। हत्याकांड के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए थे। दोनों पर 1 लाख का इनाम सोनीपत पुलिस की ओर से रखा गया था।

प्रशिक्षण लेने आई नेशनल स्तर की महिला पहलवान व उसके छोटे भाई की कोच व अन्य ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। आरोपियों ने दोनों की मां को भी गोली मारकर घायल कर दिया था। वारदात गांव हलालपुर में की गई थी। कुश्ती पहलवान निशा व उसके भाई की हत्या से न केवल गांव हलालपुर में मातम पसर गया था, बल्कि खेल जगत में भी रोष था। निशा ऑल इंडिया विश्वविद्यालय गेम्स में रजत पदक जीत चुकी थी। इसके बाद से ही वह तीन वर्ष पहले गांव में खुली कुश्ती अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त करने लगी थी। छोटा भाई सूरज रोजाना बहन निशा को अकादमी में छोड़ने व लेने आता था। बुधवार को बेटी की तबीयत बिगड़ने की सूचना पर मां धनपति बेटे के साथ अपनी बेटी को लेने गई थी। वहां पर निशा के साथ ही उसके भाई की भी हत्या कर दी गई, जबकि घायल मां रोहतक पीजीआई में उपचाराधीन है।

हत्याकांड के बाद लोगों ने अकादमी में तोड़फोड़ कर दी थी। साथ ही आग भी लगा दी गई थी। पहलवान निशा की दो बड़ी बहनें हैं, जबकि एक छोटा भाई सूरज था। दोनों बड़ी बहनों की शादी हो चुकी है और निशा व सूरज अपनी मां के साथ रहते थे। उनके पिता दयानंद सीआरपीएफ में बतौर एसआई कार्यरत हैं और फिलहाल में श्रीनगर में तैनात हैं।

## चिंतन मनन

# पंजाब में सिद्धू हावी

पंजाब में कांग्रेस का अनुसूचित जाति वोट बैंक का दांव उलटा पड़ रहा है। कांग्रेस ने चरणजीत चन्नी को अनुसूचित जाति का पहला सीएम जरूर बना दिया, लेकिन राज जट्ट नवजोत सिद्धू का ही चल रहा है। हर राज्य की तरह जातीय वोट बैंक का गुणा-गणित पंजाब में भी प्रभावी है। अक्सर अनुसूचित वर्ग को दबाने की बात होती रही है और कांग्रेस सरकार में यह साफ नजर आ रहा है। इससे अनुसूचित जाति के वोटरों में भी अंदरखाते नाराजगी पनप गई है। खास बात यह है कि कांग्रेस विरोधियों से ज्यादा अपनों के निशाने पर आ चुकी है। पूर्व पंजाब कांग्रेस प्रधान रहे सुनील जाखड़ ने तो यहां तक कह दिया कि एपीएस देयोल के बाहर जाने से चरणजीत चन्नी बेनकाब हो गए। सांसद मनीष तिवारी भी नहीं चूके और सीएम चन्नी को बार कौंसिल ऑफ इंडिया की वकीलों को लेकर हिदायतें पढ़ने की नसीहत दे दी। सिद्धू के अडियल रवैए की वजह और उन्हें कांग्रेस हाईकमान की फुल सपोर्ट से पंजाब के सीएम चरणजीत चन्नी की स्थिति को कंप्रोमाइज्ड सीएम की स्थिति बताई जाने लगी है। सिद्धू एक बार फिर सुपर-सीएम की भूमिका में सामने आ गए हैं। पंजाब में 32 फीसदी अनुसूचित जाति वोट हैं। लेकिन कभी अनुसूचित जाति का सीएम नहीं बना। इसका कारण जट्ट लॉबी का हावी होना था। जिनकी वोट तो सिर्फ 19 फीसदी है, लेकिन राजनीतिक दबदबा ज्यादा है। इसलिए पहले भाजपा ने अनुसूचित वोट बैंक लुभाने के लिए अनुसूचित जाति का सीएम बनाने का दांव खेला। उनके पीछे अकाली दल प्रधान सुखबीर बादल ने भी सरकार बनने पर अनुसूचित जाति का डिप्टी सीएम बनाने की घोषणा कर दी। इनके दावों को चित्त कर कांग्रेस ने सीधे सीएम ही बना दिया। हालांकि अब सीएम चन्नी को मन मुताबिक काम नहीं करने दिया जा रहा। ऐसे में कांग्रेस हाईकमान सिद्धू की जिद मानते हुए सरकार को नीचा दिखा रही है। ऐसा करके पार्टी न केवल विरोधियों को आलोचना करने का मौका दे रही, बल्कि अनुसूचित वर्ग के भीतर भी नाराजगी पनप रही है। कांग्रेस हाईकमान नवजोत सिद्धू के आगे पूरी तरह सरेंडर कर चुकी है। पहले हरीश रावत और अब हरीश चौधरी पंजाब कांग्रेस कलह संभालने में फेल साबित हो रहे। कांग्रेस के अनुसूचित सीएम के दांव और फिर सीएम चन्नी का काम देख कांग्रेस को बढ़त मिलती दिख रही थी। हालांकि सिद्धू की जिद पर एजी एपीएस देयोल को हटा दिया गया। अब डीजीपी आईपीएस सहोता भी जल्द ही बदल दिए जाएंगे। इसके बावजूद सिद्धू पार्टी का काम नहीं कर रहे। सीएम की औपचारिक घोषणा के बावजूद सिद्धू कांग्रेस भवन से किनारा किए बैठे हैं। पंजाब में दूसरी पार्टियां प्रचार में जुटी हैं तो सिद्धू घर बैठे हुए हैं। सिद्धू ने पार्टी हाईकमान को कह दिया कि अफसर चुन लो या मुझे, एक बार फिर कांग्रेस हाईकमान ने सिद्धू को चुन लिया। चरणजीत चन्नी भले ही 90 दिन के सीएम बने हों, लेकिन उनके फैसले, कार्यशैली और पीआर मैनेजमेंट से वह हर रोज चर्चा में हैं। सीएम चन्नी के बिजली बिल माफी, बिजली 3 रुपए सस्ती करने, पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ाने समेत कई ऐसे फैसले हैं, जिन्होंने आम लोगों को सीधा प्रभावित किया। इसके बाद देर रात तक लोगों से मुलाकात, ताबड़तोड़ कैबिनेट मीटिंग और कभी भांगड़ा तो कभी हॉकी का गोलकीपर बन उनकी छवि तेजी से बन रही थी। चन्नी लगातार कैप्टन अमरिंदर सिंह के जाने से कांग्रेस में खाली हुई जगह को भरते जा रहे थे। इसी वजह से चन्नी की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता से सिद्धू खेमे में घबराहट थी। कारण साफ था कि अगले चुनाव के बाद सिद्धू के सीएम बनने के रास्ते में बड़ा अड़ंगा लग सकता था। इसी वजह से सिद्धू सीधे आक्रामक हो गए। चन्नी की छवि को एजी और डीजीपी को हटाने के फैसले से गिराने की कोशिश नजर आ रही है।

## बांटने में सब लगे !



बांटने की होड़ है ।
आया है चुनाव ।।
करना होगा इंतजार ।
आगे का पड़ाव ।।
बांटने में सब लगे ।
आने दो सरकार ।।
केवल हम ही कर सकते ।
आप पर उपकार ।।
हवा चली कुछ ऐसी ।
फैला है भ्रमजाल ।।
सबकी अपनी नीति है ।
और भी है चाल ।।
रंगमंच पर अपने ।
रहे हैं सब ललकार ।।
हैं सारे लालायित ।
बैठे भी तैयार ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# भारतीय इतिहास का पृष्ठ काला - हर सरकार में रक्षा घोटाला...?

इस नई इक्कीसवीं शताब्दी के साथ ही भारत में भ्रष्टाचार की बाढ़ भी आ गई। इस शताब्दी के अब तक के दो दशकों में यह मौजूदा तीसरी सरकार है, जिसने न खाऊँगा - न खाने दूँगा के संकल्प के साथ अपनी शुरूआत की थी, किंतु अब जो दिन दूने रात चौगुनेह्य प्रकरण सामने आ रहे हैं, उनसे भारत का जागरूक नागरिक काफी परेशानी महसूस कर रहा है।

यदि हम अन्य मसलों को छोड़ सिर्फ भारत की सुरक्षा से जुड़े मसलों की ही बात करें तो यह स्पष्ट होता है कि इस शताब्दी की पहली राजनीति के युग पुरूष अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार से लेकर मौजूदा नरेन्द्र भाई मोदी की सरकार तक ने भारतीय सेनाओं के हथियारों व आयुद्ध विमानों की खरीदी में भ्रष्टाचार में कोई कमी नही की। अथार्त अटल जी के समय से शुरू हुआ रक्षा सौदों में दलाली का सिलसिला आज मोदी सरकार तक जारी है और इससे अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की काफी बदनामी भी हुई है।

मौजूदा शताब्दी के प्रारंभिक चार वर्षों में अटल जी की सरकार रही, इस घौटाले की शुरूआत उसी समय से हुई, तत्कालीन रक्षा विशेषज्ञों ने फ्रांस, जर्मनी आदि देशों से रक्षा सौदों की शुरूआत की और दलाली का खेल शुरू किया उसके बाद एक दशक तक कांग्रेस के डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार रही, जिसमें अनेकानेक क्षेत्रों में भ्रष्टाचार के कीर्तिमान स्थापित किये, जिनमें रक्षा सौदों से जुड़े राफैल खरीदी घोटाला भी शामिल है। वर्ष 2007 से 2012 के बीच यह सौदा हुआ था। अगस्ता वैस्टलैण्ड नाम के इस सौदे में भी उसी बिचौलिये का नाम सामने आया था, जिसने रॉफैल सौदे में बिचौलिये की भूमिका निभाई थी, जिसका नाम सुषैन गुप्ता बताया जा रहा है, जिसने इस सौदे में 65 करोड़ की दलाली राशि प्राप्त की थी, दावा यह भी किया जा रहा है कि भारत के हर रक्षा सौदे के समय इसी शख्स ने बिचौलिये की भूमिका



निभाई। यह शख्स आज जेल में है, भाजपा प्रवक्ता ने तो रक्षा सौदों के संदर्भ में इंडियन नेशनल कांग्रेस का नाम ही बदल कर आई नीड कमीशन (आईएनसी) कर दिया।

रक्षा सौदों को लेकर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की बदनामी करने में अन्तर्राष्ट्रीय मीडिया भी पीछे नही रहा, हाल ही में फ्रांस के पोर्ट मीडिया पार्ट ने भारत की मौजूदा सरकार पर आरोप लगाया है कि भारतीय जांच एजेंसियों के पास रक्षा सौदों में घोटाले के पर्याप्त पुख्ता सबूत है, फिर भी मौजूदा सरकार ने उनकी जांच शुरू नही की। फ्रांस के इस प्रमुख मीडिया पोर्टल का कहना है कि शैल कम्पनी के जरिये रिश्वत या दलाली दी गई। बताया गया कि आईटी कम्पनी आई.डी.एस. भी इस गोरखधंधे में शामिल है। अब एक ओर जहां इन रक्षा सौदों को राजनीतिक खिंचतान का मुख्य माध्यम बना लिया गया है, वहीं रक्षा सौदा रॉफैल की आरोपी कांग्रेस स्वयं ही संयुक्त संसदीय जांच दल (जेपीसी) से सभी रक्षा सौदों की जांच कराने की मांग कर रही है। संसद शीतकालीन सत्र 29 नवम्बर से शुरू होने जा रहा है, जिसके रक्ष सौदों के घोटालों में खो जाने की संभावना वयक्त की जा रही है।

इधर इन दिनों एक नया रक्षा घोटाला राजनीतिक हवा में तैर रहा है, कांग्रेस मोदी सरकार पर आरोप लगा रही है कि मोदी सरकार ने पिछले दिनों एक रक्षा सौदे में 526 करोड़ की डील 1600 करोड़ में क्यों की? और वह भी बिना टेण्डर के? ये सवाल रॉफैल रक्षा सौदे को लेकर उठाये जा रहे है। आरोप लगाया है कि स्वयं प्रधानमंत्री ने सौदे का एक ह्लक्लॉजह्य हटाया और इस डील को आगे बढ़ाया था। इस माध्यम से देश को हजारों करोड़ का नुकसान पहुंचाया गया। यहां यह उल्लेखनीय है कि इस सौदे के तहत 36 रॉफैल लड़ाकू विमानों की खरीदी की डील हुई थी जो 39 हजार करोड़ की थी, फ्रांस के प्रमुख अखबार मीडिया पार्ट का आरोप है कि इस डील के लिए डसाल्ट एवियेशन ने सुषैन गुप्ता को बिचौलिये के रूप में 7.5 मीलियन डॉलर अर्थात् 65 करोड़ की दलाली दी थी। और दुनिया भर में इस घोटाले की गूंज के बावजूद भारत सरकार मौन दर्शक बनी रही, उसने इस दिशा में निष्पक्ष जांच सम्बंधी कोई फैसला नहीं लिया जो आज भी राजनीति में विस्मय की दृष्टि से देखा जा रहा है।

इस नई इक्कीसवीं शताब्दी के पिछले दो दशकों को इसीलिए घोटाला काल कहा जाने लगा है, इन रक्षा घोटालों की शुरूआत अटल जी की सरकार से हुई और मौनीबाबा (मनमोहन सिंह) की एक दशक की सरकार के बाद मोदी जी की सप्त वर्षिय जारी सरकार को भी इन घोटालों से जोड़कर देखा जाने लगा है, मोदी सरकार पर रॉफैल सौदों में घोटाले के साथ पिछली मनमोहन सरकार के घोटाले की जांच की अपेक्षा उन्हें नस्तीबद्ध करने के आरोप लगाए जा रहे है, कहा जा रहा है कि मॉरिशस सरकार ने आज से तीन साल पहले अर्थात् 2018 में जांच के दस्तावेज सीबीआई को सौंप दिये थे, किंतु आज तक मोदी सरकार ने उनकी जांच शुरू नही करवाई, इस कारण अपने आपको साफ सुथरी बताने वाली मोदी सरकार पर भी भ्रष्टाचार के दाग लगे नजर आने लगे है। अब अपेक्षा की जा रही है कि अगले संसद सत्र में शायद इस बारे में कुछ खुलासा हो?

# हत्या या आत्महत्या ही आखिर क्यों ?

प्रतिदिन समाचार पत्र हों टी.वी. चैनल्स सभी पर ऐसी खबरे आम हो गई है । अवैध सम्बन्ध के चलते हत्या ,सामूहिक हत्या या आत्महत्या जैसी घटनायें क्षुब्ध करती हैं मन को । लेकिन कुछ अवैध सम्बन्ध वास्तव में होते हैं तो कुछ शक्की मन की उपज मात्र होते हैं ।

जीवन साथी पति या पत्नी दोनों में से किसी एक ने दूसरे को किसी अन्य स्त्री-पुरुष से हँसकर बात करते देख लिया या कहीँ आते-जाते कोई वाहन न मिलने या देर हो जाने की स्थिति में , मजबूरी में किसी के साथ उसके वाहन मे लिफ्ट लेकर आते देख लिया हो तो उसके मन में शक ने अपना कुअसर शुरू कर दिया कि इन दोनो के बीच जरूर कुछ गलत चल रहा है ।

बस ! यहीं से एक जघन्य अपराध जनम ले लेता है ।

क्या केवल स्त्री-पुरुष के आपस में हँसने बोलने के साथ उठने-बैठने की वजह केवल गलत सम्बन्ध ही हो सकते हैं ?

आज सब कामकाजी है महिलायें ,पुरुष और युवक-युवतियाँ भी ऐसे में एक दूसरे के साथ टीम वर्क भी करना पड़ता॥ दुख होता है ऐसी दुखद और अंधी मानसिकता की शिकार हुई मासूम जिंदगियों के असमय ,अकारण ही मौत का शिकार हो जाने पर ।

दोषी व्यक्ति अपनी कमजोर मानसिकता व नशे जैसी गलत आदतों को दूर करने के बजाय खुद तो मरता ही है । साथ ही पूरे परिवार को भी तबाह कर देता है और बस !कारण बना लेता है खुद ही, कि उसके साथी के किसी गैर पुरुष या स्त्री के साथ अवैध सम्बन्ध ।

माना कि अवैध सम्बन्ध हों भी किंतु क्या हत्या और आत्महत्या ही



एक समाधान है इसका ?

अरे !आप अपने साथी से बात कीजिये फिर वो पति हो या पत्नी ।

यदि दुर्भाग्य से सम्बन्ध हैं भी तो आप उन्हें प्यार से समझाइये सही और गलत का परिणाम और यदि वो फिर भी ना समझे और स्थिति ये हो गई हो कि आप एक साथ,एक छत के नीचे नहीँ रह सकते तो अलग हो जाइये।

अपनी जिंदगी नये सिरे से शुरू कीजिये , हाँ! वक्त तो अवश्य लगेगा थोड़ा सम्भलने में किंतु रोज रोज की लड़ाई-झगडे और फिर हत्या या आत्महत्या से तो कम से कम बच जायेंगे और बचना भी चाहिये ।

न कि खुद भी मरें और अपने साथी और मासूम बच्चों को भी मौत के घाट उतार दें ?

इस सब में उन मासूम बच्चों की क्या खता?

जो उनकी भी जान ले ली जाये?

उन्होंने ने तो अभी दुनियाँ ठीक से देखी भी नहीँ और माता-पिता के एक गलत कदम उनकी जान ही ले गया।

ये कहाँ की इंसानियत है ?

जो माता-पिता अपने आपको नहीँ सम्भाल पा रहे आखिर वो अपने बच्चों और उनके भविष्य को ही क्या संवारेंगे ?

चिन्तनीय विषय है कि इंसान अपनी गलत आदत और घटिया मानसिकता के चलते अपनी हँसती खेलती गृहस्थी उजाड़ देता है ।

इसे केवल बीमार मानसिकता ही कहेंगे । वरना आप परिवार या किसी सामाजिक संस्था के साथ बैठकर इन समस्याओं को सुलझा जा सकते है । आज हमारा समाज किस प्रकार पतन की ओर जा रहा है । इसके अनेक कारण हैं जैसे क्रोध शक ,बेरोजगारी या नशा ,नेट ,आभासी दुनियाँ जिसका सही प्रयोग कम और दुरुपयोग अधिक हो रहा है। इन सबसे बचकर अपने आप और अपने परिवार को सुरक्षित माहौल दीजिये । अपने स्वयं के साथ-साथ अपने बच्चों की शिक्षा और संस्कार पर विशेष ध्यान दीजिये ,ताकि वो एक अच्छा इंसान बन सके । खुश रहिये....और औरों को भी खुश रखिये, फिर देखिये जिंदगी कितनी खूबसूरत है । क्यों ना इसको खत्म करने की अपेक्षा बचाने के उपाय तलाश किये जाये ।

तलासने से क्या नहीँ मिलता ?

जैसी भी हो उसी को स्वीकार करना सीखिये । जिंदगी कब मिलेगी दोबारा....

"जिंदगी अनमोल है अजी इसे यूँ न गँवाइये ।

थोड़ा औरों को मुस्कुराने दें,थोड़ा आप मुस्कुराईये ॥

## तालिबानः दिल्ली बैठकः कितनी सार्थक

दिल्ली में हुई अफगानिस्तान संबंधी अष्टराष्ट्रीय बैठक कुछ कमियों के बावजूद बहुत सार्थक रही। यदि इसमें चीन और पाकिस्तान भी भाग लेते तो बेहतर होता लेकिन उन्होंने जान-बूझकर अपने आप को अछूत बना लिया। इसके अलावा इस बैठक ने अफगानों की मदद का प्रस्ताव तो पारित किया लेकिन ठोस मदद की कोई घोषणा नहीं की। भारत ने जैसे 50 हजार टन गेहूं भिजवाने की घोषणा की थी, वैसे ही ये आठों राष्ट्र मिलकर हजारों टन खाद्यान्न, गर्म कपड़े, दवाइयां तथा अन्य जरुरी सामान काबुल भिजवाने की घोषणा इस बैठक में कर देते तो आम अफगानों के मन में खुशी की लहर दौड़ जाती। इसी प्रकार सारे देशों के सुरक्षा सलाहकारों ने सर्वसमावेशी सरकार और आतंकविरोधी अफगान नीति पर काफी जोर दिया लेकिन किसी भी प्रतिनिधि ने तालिबान के आगे कूटनीतिक मान्यता की गाजर नहीं लटकाई। भारत के प्रधानमंत्री, विदेश मंत्रालय और सुरक्षा सलाहकार से मैं यह अपेक्षा करता था कि वे जब सभी सातों प्रतिनिधियों से मिले, तब वे उनसे कहते कि ऐसी पिछली बैठकों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने जो प्रस्ताव पारित कर रखे हैं, उन्हें दोहराने के साथ-साथ तालिबान को ठीक रास्ते पर लाने के लिए वे नए संकल्प की घोषणा करें। यदि वे ऐसा करते तो पाकिस्तान और चीन का पैंतरा अपने आप चित हो जाता। दोनों देशों को अफसोस होता कि वे दिल्ली क्यों नहीं आए? दिल्ली बैठक के कारण भारत को अफगान-संकट में थोड़ी भूमिका अवश्य मिल गई है बल्कि मैं यह कहूंगा इस मौके का लाभ उठाकर भारत को अग्रगण्य भूमिका निभानी चाहिए थी। भारत तो इस पहल में चूक गया लेकिन पाकिस्तान यही भूमिका निभा रहा है। उसने अपने यहां अमेरिका, रुस और चीन को तो बुला ही लिया है, तालिबान प्रतिनिधि को भी जोड़ लिया है। मैं पहले दिन से कह रहा हूं कि हम लोग अमेरिका और तालिबान से परहेज बिल्कुल न करें और उनसे किसी भी प्रकार दबे भी नहीं। वैसे तो भारत का विदेश मंत्रालय अमेरिका का लगभग हर मामले में पिछलग्गू-सा दिखाई पड़ता है लेकिन फिर क्या वजह है कि तालिबान के सवाल पर भारत और अमेरिका ने एक-दूसरे से दूरी बना रखी है? यह खुशी की बात है कि दिल्ली-बैठक में तालिबान-प्रश्न पर सर्वसम्मत घोषणा हो गई है लेकिन विभिन्न राष्ट्रों के प्रतिनिधियों के भाषणों में अपने-अपने राष्ट्रहित भी उन्होंने प्रतिबिंबित किए हैं। इन भाषणों और आपसी बातचीत से हमारे अफसरों का ज्ञानवर्द्धन जरुर हुआ होगा। पाकिस्तान, भारत के साथ पहल करने में घबरा रहा है लेकिन भारत ने अच्छा किया कि उसे दावत दे दी। भारत यह न भूले कि वह दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा भाई है। बड़े भाई के नाते यदि उसे थोड़ी उदारता दिखानी पड़े तो जरुर दिखाए और अफगानिस्तान से संबंधित सभी राष्ट्रों को साथ लेकर चलने की कोशिश करे।

# बंगाल में आतंकी संगठन की बढ़ती सक्रियता

बंगलादेश की सीमा बंगाल से लगी हुई है। बंगाल में बंगलादेशी शरणार्थियों की पहले से ही भरमार है। शरणार्थियों की समस्या से जूझ रहे बंगाल को अब एक और समस्या से जूझना पड़ेगा। बंगाल में जमात उल मुजाहिदीन बांग्लादेश आतंकी संगठन की सक्रियता निरंतर बढ़ती जा रही है। राष्ट्रीय जाँच



एजेंसी के अधिकारियों ने बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है,इसके बारे में माना जाता है कि वह जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश आतंकी संगठन के लिए लोगों को भर्ती करने वाले आतंकी के रूप में काम कर रहा था। बांग्लादेश निवासी अब्दुल मन्नान के रूप में पहचाने जाने वाले व्यक्ति को सुभाषग्राम इलाके से गिरफ्तार किया गया था। मन्नान उस संगठन का सक्रिय सदस्य था जो पश्चिम बंगाल में लोगों की भर्ती और स्लीपर-सेल को फिर से सक्रिय करने के लिए जिम्मेदार था। आतंकी मन्नान पर पुराने जेएमबी सदस्यों और नए जेएमबी सदस्यों के साथ समन्वय के लिए भी जिम्मेदार थी। गिरफ्तार शख्स के पास से एनआईए जांचकताओं ने कई फर्जी वोटर आईडी और आधार कार्ड बरामद किए हैं। जासूसों को यह भी संदेह है कि उसने कई अन्य लोगों के लिए नकली पहचान पत्र बनाए। मन्नान की गिरफ्तारी महत्वपूर्ण है, क्योंकि वह राज्य में एक लिंकमैन के रूप में काम कर रहा है। मन्नान सीधे उन तीन आतंकवादियों के संपर्क में था जिन्हें जुलाई में कोलकाता स्पेशल टास्क फोर्स ने गिरफ्तार किया था। तीनों की पहचान नजीउर रहमान पॉवेल उर्फ जयराम व्यपारी उर्फ जोसेफ , रविउल इस्लाम और शेख शब्बीर उर्फ माइकल खान के रूप में हुई है। इन्हें दक्षिण कोलकाता के हरिदेवपुर इलाके से गिरफ्तार किया गया था। आतंकी मन्नान करीब एक महीने पहले अवैध रूप से सीमा पार कर यहां आया था। कोरोना लॉकडाउन और उसके बाद की बेरोजगारी इन आतंकी समूहों के काम को आसान बना रही है। बांग्लादेश से लगी खुली सीमा और बेरोजगारी का फायदा उठाकर जेएमबी, अंसारुल्लाह गुट और यहां तक कि इस्लामिक स्टेट जैसे अंतरराष्ट्रीय आतंकी समूह राज्य में अपना नेटवर्क फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। इसका उद्देश्य पूरे पूर्वी भारत में पश्चिम बंगाल को आतंकी गतिविधियों का मुख्यालय बनाना है। कोलकाता पुलिस की एनआईए और एसटीएफ ने जेएमबी के तीन आतंकियों से यह जानकारी हासिल की है। बंगाल में यदि आतंकियों की गतिविधियाँ बढ़ती हैं तो यह इस राज्य में नयी समस्या हो जायेगी।

## भाग्यश्री इस कारण रही अभिनय से दूर

अभिनेत्री भाग्यश्री का नाम सुनते ही लोगों के जेहन में उनकी पहली फिल्म मैंने प्यार किया का मासूम सुमन का किरदार उभर आता है।फिल्म में उनके हीरो सलमान खान थे। फिल्म के सुपरहिट होते ही भाग्यश्री बॉलीवुड की टॉप हिराइनों में शामिल हो गईं थी लेकिन अचानक उन्होंने ग्लैमर की दुनिया को अलविदा कह दिया। फिर बाद में, उन्होंने टीवी शोज से अभिनय की दुनिया में वापसी की थीं। वहां पर भी फिर अभिनय की दुनिया से दूरी बना लीं। अब तकरीबन एक दशक बाद, भाग्यश्री फिर से बड़े पर्दे पर वापसी की।हाल ही में ,कंगना रनौत की फिल्म थलाइवी में नजर आईं थीं। भाग्यश्री ने हाल ही में अपने एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि आखिर वहां क्यों इतने सालों तक अभियन की दुनिया से दूर रहीं ? भाग्यश्री अपने इंटरव्यू में याद करते हुए बताती हैं, साल 2014-15 के दरम्यान वहां एक टीवी शो लौट आओ त्रिशा कर रही थीं, शूटिंग के दौरान वहां अपने हाथ को ठीक से घुमा नहीं पा रही थीं। भाग्यश्री ने कहा कि डॉक्टरों ने उन्हें ऑपरेशन के लिए कह दिया था। सर्जरी की बात सुनकर वो बेहद डर गईं थी। फिर उन्होंने न्यूट्रीशन एंव फिटनेस की पढ़ाई करने का फैसला किया, इसके लिए वह स्टैंफॉर्ड यूनिवर्सिटी गईं। एक साल के बाद मेरा हाथ ठीक हो गया।इससे उनके डॉक्टर हैरान थे। 52 साल की उम्र में भी भाग्यश्री बेहद खूबसूरत नजर आती हैं।इसके पीछे की वजह है कि वहां खुद को फिट रखती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, जिस समय फिल्म मैंने प्यार किया रिलीज हुई थी, उस समय वह अपने पति हिमालय को डेट कर रही थी। हिमालय भी उस समय फिल्मों में करियर बनाने की कोशिश में जुटे हुए थे। भाग्यश्री और हिमालय की जोड़ी वाली कुछ फिल्में रिलीज भी हुईं, मगर सभी बॉक्स ऑफिस बुरी तरह से फ्लॉप रहीं। बाद में भाग्यश्री ने हिमालय से शादी कर ली और पारिवारिक कारोबार में व्यस्त हो गयीं।

# क्या है आपका स्टाइल मंतरा





अक्सर ऐसा होता है कि ढेर सारे लोगों के बीच किसी एक व्यक्ति पर सबकी निगाहें टिकी रहती हैं। यह कतई जरूरी नहीं होता कि उस व्यक्ति ने बहुत महँगे कपड़े पहने हों या फिर वह बहुत सुंदर हो लेकिन उसका खुद को प्रस्तुत करने का तरीका ही कुछ ऐसा होता है कि लोग प्रभावित हो जाते हैं।

तो वो कौन सा कारक है जो आपके व्यक्तित्व को सबसे ज्यादा आकर्षक बनाता है? क्या केवल फैशनेबल कपड़े पहन लेने भर से आपमें वो बात आ सकती है? क्या आपके पास है अपना एक यूनिक स्टाइल मंतरा जो आपको दूसरों से अलग करता है? आइए युवाओं से ही जानते हैं।

मैं हमेशा ऊपरी चमक-दमक की बजाय इस बात पर ध्यान देता हूँ कि मैं लोगों के साथ किस तरह का व्यवहार करता हूँ। मेरे खयाल से यही वह मुख्य बात है जो लोगों को आपकी तरफ आकर्षित करती है। यह कहते हैं बीई तृतीय वर्ष के छात्र नचिकेत अग्रवाल।

नचिकेत के अनुसार आप लोगों से जिस तरह से पेश आते हैं वह आपके व्यक्तित्व का एक प्रमुख हिस्सा होता है। यदि आप बदतमीज़ और रूखे किस्म के इंसान हैं तो चाहे कितने भी हैंडसम क्यों न हों, कोई भी आपको पसंद नहीं करेगा। मैं हमेशा ऊपरी चमक-दमक की बजाय इस बात पर ध्यान देता हूँ कि मैं लोगों के साथ किस तरह का व्यवहार करता हूँ। मेरे खयाल से यही वह मुख्य बात है जो लोगों को आपकी तरफ आकर्षित करती है।÷ यह कहते हैं बीई तृतीय वर्ष के छात्र नचिकेत अग्रवाल। वे कहते हैं कि अपने नए शर्ट और नई हेयर स्टाइल की तारीफ के बजाय मैं अपने व्यवहार की तारीफ सुनकर ज्यादा अच्छा महसूस करता हूँ। इससे मुझे खुशी के साथ संतोष भी मिलता है। यही मेरा स्टाइल मंतरा है जो मुझे दूसरों से अलग बनाता है।

एमए उत्तरार्ध की छात्रा सोनालिका टंडन के अनुसार- ÷वैसे तो मेरे लंबे बाल अक्सर लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लेते हैं। कॉलेज में मुझे मिस ब्यूटीफुल हेयर का पुरस्कार भी मिल चुका है लेकिन मुझे लगता है मेरा ड्रेसिंग सेंस ही मेरा स्टाइल मंतरा है।

मुझे ड्रेस डिजायनिंग का शौक है और मैं हमेशा लेटेस्ट फैशन से लेकर नए ट्रेंड्स तक के बारे में पढ़ती और जानकारी बँटोरती रहती हूँ। इसलिए कॉलेज में भी मेरी ड्रेस हमेशा दूसरों से कुछ हटकर होती है।

यही नहीं इस बार फेयरवेल पार्टी के लिए मैंने खुद का डिजायन किया इवनिंग गाऊन पहना था, उसको सबने बहुत पसंद किया और मुझे वैसे ही तीन और गाऊन बनाने के ऑर्डर भी मिले। मुझे खुशी मिलती है जब कोई मेरे इस क्रिएटिव काम की तारीफ करता है।

# त्वचा की देखभाल के लिए घरेलू उपचार

अगर प्रकृति हमें कोई समस्या देती है तो उसमें उसका समाधान भी निहित होता है। वैसे प्रकृति सबसे विश्वसनीय ब्यूटीशियन होती है और हमारी रसोई पूरी प्रकृति का भंडार। सब्जियां, फल, अनाज, दालें और हर्ब्स, जो सभी हमारे किचेन में होते है उन सभी से सौंदर्य उपचार आसानी से किया जा सकता है जैसे स्क्रबिंग, एक्सफोलिएशन, क्लींजिंग, कंडीशनिंग, और भी बहुत कुछ। प्राकृतिक आहार से अछी सेहत के साथ-साथ आप अच्छी त्वचा, और सुंदर बाल की भी धनी हो सकती है। आहार हमें एनर्जी, पोषण प्रदान करते है। कुछ आहार हमारी नींद को बेहतर व नियमित करते है तो कुछ तनाव को दूर करने में मदद करते है। यहां तक कि कई आहार बीमारी और इनफेक्शन को दूर करके हमारी त्वचा और बालों की रक्षा करते है। तो क्यों न आप भी प्रकृति के इन अनमोल उपहारों को अपनाएं।

### त्वचा की सफाई

त्वचा को बेहतर बनाने के लिए सबसे पहला कदम है क्लींजिंग यानी त्वचा की सफाई। पसीने, चिकनाई, धूल, मेकअप आदि को त्वचा से हटाना जरूरी होता है। इसके लिए आप यह क्लींजर प्रयोग करे-

### क्लींजिंग मास्क

3 स्ट्रॉबेरी को मैश कर लें और उसे चेहरे और गर्दन पर मास्क की तरह लगाएं। दस मिनट बाद चेहरे को साफ कर लें। स्ट्रॉबेरी में हलकी एसिडिक तत्व होने के साथ ही विटामिन सी भी पाया जाता है जो त्वचा को अच्छी तरह साफ करने में मदद करता है।

त्वचा की सफाई के लिए स्क्रबिंग भी एक अछा उपाय है, क्योंकि त्वचा की बाहरी मृत परत को यह आसानी से हटाता है, साथ ही अतिरिक्त सीबम के बहाव के कारण बंद हुए रोमकूपों को खोलता है ताकि ब्लैकहेड्स न बनने पाएं। स्क्रबिंग से रक्तसंचार भी बढ़ता है और त्वचा का लचीलापन भी। एक कॉटन बोल या किसी मृदु साबुन पर थोड़ी चीनी डालकर लगभग एक मिनट तक चेहरे का मसाज करे फिर पानी से धो लें। यह स्क्रब त्वचा पर पड़े धब्बों को भी दूर करता है।

### ओटमील स्क्रब

1 टी स्पून संतरे के छिलके का दरदरा पाउडर, 1 टी स्पून पिसा हुआ जौ का आटा, 1 टी स्पून पिसा हुआ दरदरा बादाम, 1 टी स्पून मसूर की दाल का दरदरा पाउडर, 1 टी स्पून चावल का दरदरा पाउडर मिला लें। फिर किसी एक फल या सब्जी के रस में मिलाकर स्क्रब की तरह इस्तेमाल करे।

### टोनिंग

अपनी त्वचा की टोनिंग नियमित रूप से करे। टोनिंग से त्वचा की अतिरिक्त तैलीयता, बंद छिद्र की समस्या दूर हो जाती है। आप घर पर ही टोनर बना सकती है-आधे खीरे का रस निकालें। फिर इसे आंच पर चढ़ाकर एक उबाल दें। धीमी आंच पर पांच मिनट तक पकाएं। ठंडा करके छान लें। इसमें हाथ से मसले हुए पुदीने के कुछ पत्ते मिलाकर चेहरे पर लगाएं। सूखने पर चेहरा धो लें।

### बरकरार रखें नमी का संतुलन

त्वचा की नमी को बरकरार रखने के लिए मॉयस्चराइजर का







इस्तेमाल जरूरी है। यह त्वचा को कोमल और कांतिमय बनाए रखता है। इसमें कुछ मात्रा पानी की भी होती है जो तेज गर्मी में नष्ट हुई त्वचा की नमी और पानी को पुन÷ संचारित करता है।

### एवोकाडो मॉयस्चराइजर

1 मध्यम आकार का एवोकाडो, 1 टी स्पून शहद, 1 टी स्पून नीबू का रस, 200 ग्राम दही लें। एवोकाडो और शहद को एकसाथ ब्लेंड करे। फिर नीबू का रस और दही मिलाकर एकसाथ खूब अछी तरह फेंटें ताकि एकदम क्रीम की तरह हो जाए। आधे घंटे के लिए फ्रिज में रखें। फिर इससे चेहरे और गर्दन की मसाज तब तक करे जब तक कि क्रीम एकदम पिघल न जाए। इसे पूरी रात चेहरे पर लगा रहने दें। यह त्वचा की नमी को बरकरार रखने के साथ ही उसे चिकना और कांतिमय बनाए रखता है।

### मसाज पेस्ट

अगर डीप क्लींजिंग करना चाहती है तो उपरोक्त क्रीम को डबल करने के लिए उसमें 2 टी स्पून गेहूं का आटा या ओटमील मिलाएं। फिर इसे चेहरे पर लगाकर हलके हाथों से मसाज करे। यह त्वचा की गहराई से सफाई करता है। रक्तसंचार तेज करता है जिससे त्वचा में कसाव आता है और वह चमकदार नजर आती है।

### फेसपैक

क्लींजिंग, स्क्रबिंग, टोनिंग व मसाज के बाद त्वचा को फर्म या एकसार बनाने के लिए फेसपैक या मास्क की जरूरत होती है।

### कुदरती फेसपैक

1 कप पिसा हुआ नारियल, 1/4 कप मसला हुआ पपीता, 1/4 टी स्पून हलदी पाउडर को एकसाथ मिलाकर गाढ़ा पेस्ट तैयार करे। निस्तेज, रूखी और सांवली त्वचा पर निखार लाने के लिए इस पैक का इस्तेमाल करे। पहले इसे लगाकर हलकी मसाज करे फिर दस मिनट बाद साफ कर लें। या फिर 1 केले को अछी तरह मसल कर उसमें एक टी स्पून ओटमील, शहद और दो टी स्पून दूध मिलाकर चेहरे पर पैक की तरह लगाएं। फिर धो लें। यह बेजान त्वचा को पोषण प्रदान करता है।

### बालों की देखभाल के लिए

गर्मियों और बरसात के दिनों में सेबेशियस ग्लैंड कुछ ज्यादा ही सक्रिय हो जाने के कारण वे बालों में अतिरिक्त तेल छोड़ने लगती है जिससे बाल तैलीय नजर आते है। इसलिए हफ्ते में कम से कम तीन-चार बार बालों को शैंपू करना जरूरी होता है। तैलीयता को नजरअंदाज करने से बालों का गिरना व रूसी की समस्या हो जाती है। इसलिए कंडीशनिंग शैंपू का प्रयोग करना अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

### कंडीशनिंग शैंपू

2 टेबल स्पून किसी भी सामान्य शैंपू में 1 अंडा और 1 टेबल स्पून जेलेटिन पाउडर मिलाएं। अब इसे धीरे-धीरे खूब अछी तरह फेंटें। ध्यान रहे गुठली न बनने पाए। अंडा और जेलेटिन दोनों में ही प्रोटीन पाया जाता है, जो बालों को सुंदर और घना बनाने में मदद करता है। वैसे हिना भी एक अछा प्राकृतिक कंडीशनर है। यह न सिर्फ एक अछा कंडीशनर है बल्कि बालों को पोषण देता है और ठंडक प्रदान करता है। सिर की त्वचा की जलन को दूर करता है।

### हेयर टॉनिक

1 कप कसा हुआ नारियल, 1/4 कप नीम के पत्ते, 1/4 कप करी पत्ता को एकसाथ ग्राइंडर में पीसकर थोड़ा पानी मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। इसे सिर की त्वचा व बालों में लगाएं। यह बालों को मुलायम, काला, मजबूत और घना बनाता है।

### हेयर ऑयल

नारियल के तेल में कच्चा केला डालकर उबाल लें। छानकर ठंडा कर लें। यह डैड्रफ दूर करता है। इसके अलावा 250 मिली. सरसों के तेल में 60 ग्राम मेहंदी की पत्तियां डालकर धीरे-धीरे चलाते हुए तब तक उबालें जब तक कि पत्तियां एकदम जल न जाएं। छानकर ठंडा करे फिर एक बोतल में निकालकर रखें। इससे नियमित रात में सिर का मसाज करे। ऐसा करने से बाल मजबूत होते है।

### हेयर कंडीशनर

1 अंडा, 2 टेबल स्पून कैस्टर ऑयल, 1 टी स्पून विनेगर, 1 टी स्पून ग्लिसरीन को एकसाथ मिलाकर खूब अच्छी तरह फेंटकर सिर की त्वचा का मसाज करे। फिर सिर पर तौलिए को गर्म पानी में भिगोकर निचोड़ लें और लपेट कर स्टीम दें। बालों को धो लें। यह कंडीशनर बालों को घना, चमकदार और मुलायम बनाने में मदद करेगा।

### हनी बाथ

अपने नहाने वाले पानी के टब में एक चम्मच भरकर शहद मिलाएं। इससे न सिर्फ आपकी थकान दूर होगी बल्कि अनिद्रा की समस्या भी दूर होगी। साथ ही त्वचा रेशम सी मुलायम और कोमल नजर आएगी।

### हाथों और पैरों की देखभाल

एक अच्छा स्क्रब आपकी त्वचा के मृत कोशों को हटाकर रक्तसंचार बढ़ाता है। एक छोटे बोल में गर्म ऑलिव ऑयल डालें। फिर उसमें अपनी अंगुलियों को 10-15 मिनट के लिए डुबोएं। फिर हाथ बाहर निकालकर उसी तेल से हलका मसाज करे। ऐसा करने से हाथों की त्वचा मुलायम होती है और क्यूटिकल्स को पोषण मिलता है।

अगर आपके नाखून का रंग बदला हुआ या उनमें दाग-धब्बे पड़ गए है तो उनमें विनेगर रगड़े। एक कॉटन बड लें और विनेगर में डुबोकर नाखून के ऊपर हलके हाथों से मलें। अब नीबू के रस में एक टूथब्रश को डुबोकर उससे नाखूनों को रगड़ते हुए साफ करे। सबसे अंत में हलके गुनगुने पानी से नाखूनों को साफ कर लें।

आंखों का पैक

पुदीने के पत्तों को हाथ से मसल कर या पीस कर आंखों के चारों ओर लगाने से आंखों के काले घेरे दूर होते है।

चमकदार दांत

2 चम्मच नमक में 3 चम्मच सोडा बाईकार्बोनेट, दो चम्मच टूथ पाउडर मिलाएं। इसकी थोड़ी सी मात्रा लेकर टूथब्रश से अपने दांतों को साफ करे।

माउथवॉश

1/4 कप विनेगर, 1/2 कप वाइन, 1/4 कप शहद, 1 टी स्पून लौंग पाउडर। सभी को उबालकर ठंडा करे और एक शीशे की बोतल में भरकर रख लें। रोजाना इससे दांतों को साफ करे।

उपयोगी चीजें और उनकी भूमिका

**सेब** : यह एक प्राकृतिक एस्ट्रिंजेंट है और हृदय के लिए अछा टॉनिक है। यह पाचन शक्ति बढ़ाता है, कोलेस्ट्रॉल कम करता है।

**खीरा**: एस्ट्रिंजेंट का काम करता है। त्वचा को ठंडक और चमक प्रदान करता है।

**केला**: रूखी त्वचा के लिए उपयोगी है।

**अंगूर** : यह रक्त को शुद्ध करता है। फेसपैक में इसका रस डालकर चेहरे पर लगाने से चेहरा कांतिमय होता है।

**नीबू** : एक बेहतरीन एस्ट्रिंजेंट है। जब इसे किसी फेसपैक, एंटी एजिंग, एंटी डैड्रफ, एंटी एलर्जिक, एंटी ऑक्सीडेट, एंटी सेप्टिक, एस्ट्रिंजेंट या रिफ्रेशिंग या टोनिंग में मिलाते है तो यह ब्लीच की तरह काम करता है।

**लैट्यूज** : बालों के लिए उपयोगी होता है।

**नारियल** : बालों के विकास के लिए उपयोगी होता है।

**आलू** : इसमें क्लोरोफिल पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है, जो त्वचा के दोषों, जले-कटे निशानों व झांइयों को दूर करता है।

**स्ट्रॉबेरी** : इसमें टोनिंग और मॉयस्चराइजिंग तत्व पाए जाते है।

**संतरा**: त्वचा को नमी व ताजगी देता है। एंटी इंफ्लामेटरी, एंटी ऑक्सिडेट, एंटी सेप्टिक, और प्रोटेक्टिव तत्व पाए जाते है।

**तरबूज**: इसमें मॉयस्चराइजिंग और टोनिंग तत्व पाए जाते है।

**शहद** : नमी का संतुलन बनाए रखता है तो अब समय है खुद को स्वस्थ और सुंदर बनाने का। फिर क्या झांकिए अपनी रसोई में और उठाइए अपनी मनपसंद कोई सब्जी या फल और बदल डालिए अपने रूप और काया को।

## पिंक का फैशन

स्टाइल और ड्रेसिंग में रंगों का भी खास महत्व है। वैसे तो परिधान के मामले में हम अपनी पसंद के रंगों को तरजीह देते हैं, पर फैशन एक्सपर्ट्स की राय में मौसम के मिजाज के अनुसार बदलता रहता है कलर ट्रेंड। इन दिनों ट्रेंड में है पिंक कलर। बेशर्त प्यार, चाहत, आशावादी दृष्टिकोण, पवित्रता और निश्छलता का प्रतीक यह रंग जोड़ता है आपके व्यक्तित्व में सौंदर्य। यही वजह है कि यामी गौतम, करीना कपूर, प्रियंका चोपड़ा, कट्रीना कैफ से लेकर हॉलीवुड सेलेब्रिटीज तक इन दिनों पिंक कलर की ड्रेस में विभिन्न फंक्शंस में अपने जलवे बिखेरती नजर आ रही हैं।

आपको वेस्टर्न आउटफिट पसंद है या पारंपरिक परिधान इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि बाजार में वन पीस ड्रेस, पार्टी गाउन, शार्ट्स, स्कर्ट, स्लिम फिट जींस से लेकर साड़ी और सलवार सूट तक उपलब्ध हैं इस रंग के ढेरों परिधान। इसकी एक और खास बात कही जाती है कि यह रंग हृदय में समाई संवेदनाओं को उभारता है और जिंदगी के प्रति सकारात्मक सोच उत्पन्न करता है, जिसका अक्स नजर आता है आपके व्यक्तित्व में।

## 'नागमती' से टॉलीवुड में डेब्यू करेंगी मल्लिका



**हैदराबाद (आईएएनएस)।** बालीवुड अभिनेत्री मल्लिका शेरावत एक टालीवुड फिल्म में नजर आने वाली हैं। इस आगामी फिल्म के निर्देशन वी सी वाडिवुडयन, जो एक तमिल डायरेक्टर हैं। चूंकि फिल्म तमिल, तेलुगु और हिंदी में एक साथ बनाई जानी है, इसलिए यह तेलुगू में मल्लिका की पहली प्रोजेक्ट होगी। 'नागमती' शीर्षक से, कहानी को एक महाकाव्य नाटक के रूप में जाना जाता है। खबर यह भी है कि मल्लिका इस फिल्म में पहले कभी न देखे गए अवतार में नजर आने वाली हैं। फिल्म निर्देशक वी सी वाडिवुडयन 'पोट्टू', 'वीरमादेवी' और 'सोकरपेट्टई' जैसी हारर फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। निमार्ता ओं ने 'नागमती' को एक औपचारिक मुहूर्त कार्यक्रम में पेश किया, जो हाल ही में मुंबई में आयोजित किया गया था। निर्माता ओं ने बताया कि फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू होगी। 'चार्ली चैपलिन 2' और मोट्टा शिवा केट्टा शिवा जैसी फिल्मों संगीतकार अमरीश को इस फिल्म का संगीत तैयार करना है।

# काबुल सिनेमा खामोश, भविष्य अनिश्चित

**काबुल (एपी)।** काबुल शहर में 1960 के दशक में खुले एरियाना सिनेमा हॉल में गतिविधियां अब थम चुकी हैं। दशकों से इस ऐतिहासिक सिनेमा हॉल ने अफगानों का मनोरंजन किया है और यह अफगानिस्तान के युद्धों, आशाओं और सांस्कृतिक बदलावों का साक्षी रहा है। तालिबान के आने के बाद अब बॉलीवुड फिल्मों और अमेरिकी एक्शन फिल्मों के पोस्टर हटा दिए गए हैं और गेट बंद हैं।

तालिबान शासकों का कहना है कि उन्होंने अभी यह तय नहीं किया है कि वे अफगानिस्तान में फिल्मों को प्रदर्शित करने की अनुमति देंगे या नहीं। देश के बाकी हिस्सों की तरह एरियाना भी अजीब असमंजस में है, यह देखने के लिए कि तालिबान का कैसा शासन होगा।

**■ तालिबान ने एरियाना और अन्य सिनेमाघरों को बंद करने का आदेश दिया**

सिनेमा हॉल के लगभग 20 कर्मचारी अभी भी आते हैं। वह इस उम्मीद में अपनी उपस्थिति दर्ज करते हैं कि उन्हें उनका वेतन मिलेगा। ऐतिहासिक एरियाना सिनेमा हॉल राजधानी काबुल के चार सिनेमाघरों में से एक है। इस पर काबुल नगरपालिका का नियंत्रण है, इसलिए इसके कर्मचारी सरकारी कर्मचारी हैं और पेरोल पर काम करते हैं।

एरियाना की निदेशक असिता फिरदौस को भी सिनेमा हॉल में प्रवेश करने की अनुमति नहीं है। फिरदौस इस पद पर नियुक्त पहली महिला अधिकारी थीं। तालिबान ने महिला सरकारी कर्मचारियों को अपने कार्यस्थलों से दूर रहने का आदेश दिया है ताकि वे पुरुषों के साथ घुलमिल न सकें जब तक कि वे यह निर्धारित नहीं कर लेते कि उन्हें काम करने की अनुमति दी जाएगी या नहीं। फिरदौस 2001 के बाद युवा अफगानों की उस पीढी का हिस्सा हैं, जो महिलाओं के अधिकारों के लिए अधिक से अधिक जगह बनाने के लिए दृढ संकल्पित हैं। तालिबान के शासन ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। फिरदौस ने कहा, मैं केवल समय बिताने के लिए स्केच बनाने, ड्राइंग करने में समय बिताती हूं। मैं अब सिनेमा से जुड़ी गतिविधियों में हिस्सा नहीं ले सकती।

वर्ष 1996-2001 तक सत्ता में अपने पिछले शासन के दौरान तालिबान ने महिलाओं के काम करने या स्कूल जाने पर पाबंदी लगा दी थी। तालिबान ने फिल्मों और सिनेमा सहित संगीत और अन्य कलाओं पर भी प्रतिबंध लगा दिया। इस बार, अंतरराष्ट्रीय दबाव के बीच तालिबान का कहना है कि वे बदल गए हैं।

# नोरा फतेही का गाना 'कुसू-कुसू' रिलीज



**मुंबई (वार्ता)।** बालीवुड के माचो हीरो जान अब्राहम और दिव्या खोसला कुमार की फिल्म सत्यमेव जयते 2 से नोरा फतेही का गाना 'कुसू-कुसू' रिलीज हो गया है। मिलाप जावेरी के निर्देशन में बनी फिल्म 'सत्यमेव जयते 2' में जान अब्राहम और दिव्या खोसला कुमार ने मुख्य भूमिका निभाई है। इस फिल्म से नोरा फतेही का गाना 'कुसू-कुसू' रिलीज हो गया है। रिलीज होते ही यह गाना यूट्यूब पर धमाल मचा रहा है। गाने को जारा खान और देव नेगी ने गाया है और गाने का म्यूजिक तनिष्क बागची ने दिया है। गौरतलब है कि 'सत्यमेव जयते 2' वर्ष 2018 में प्रदर्शित फिल्म 'सत्यमेव जयते' का सीक्वल है। 'सत्यमेव जयते 2' 26 नवंबर को रिलीज होगी।

# डेल्टा स्वरूप चिंता का मुख्य कारण : इन्साकॉग

■ **नई दिल्ली (भाषा)।**

इंडियन सार्स-कोवी-2 जिनोमिक्स कंसोर्टियम (इन्साकॉग) ने कहा है कि डेल्टा, चिंता पैदा करने वाला कोविड-19 का मुख्य स्वरूप बना हुआ है। अन्य स्वरूप भारत से सीक्वेंसिंग डेटा में अब नगण्य हो गए हैं।

इन्साकॉग ने एक बुलेटिन में कहा कि वैश्विक परिदृश्य में कोई बदलाव नहीं हुआ है। उल्लेखनीय है कि यह 28 राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं का एक समूह है, जिसे सार्स-कोवी-2 में संरचना के अंतर की निगरानी के लिए गठित किया गया था। यह एक अखिल भारतीय नेटवर्क है जो केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत कार्य करता है। इसने कहा है, 'बी.1.6.17.2 (एवाई) और एवाई.एक्स सहित डेल्टा स्वरूप वैश्विक रूप से चिंता का मुख्य विषय बना हुआ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के पास उपलब्ध अद्यतन जानकारी के मुताबिक डेल्टा ने ज्यादातर देशों में (कोविड के) अन्य स्वरूपों को प्रतिस्पर्धा से बाहर कर दिया और सार्वजनिक रूप से उपलब्ध डेटासेट में या डब्ल्यूएचओ को प्राप्त आंकड़ों के अनुसार सार्स-कोवी-2 के अन्य स्वरूप के घटने की प्रवृत्ति दिख रही है।'

**■ कहा, अन्य स्वरूप भारत से सीक्वेंसिंग डेटा में अब नगण्य हो गए हैं**

इसमें कहा गया है कि भारत में डेल्टा (बी.1.6.17.2 और एवाई.एक्स) चिंता का (कोविड-19 का) मुख्य कारण बना हुआ है। इसमें कहा गया है कि गौर किये जाने वाला (कोविड का) कोई नया स्वरूप या चिंता पैदा करने वाला (कोविड का) कोई अन्य स्वरूप नहीं पाया गया है और डेल्टा स्वरूप को छोड़ कर चिंता पैदा करने वाला अन्य स्वरूप भारत से सीक्वेंसिंग डेटा में अब नगण्य है। कोविड के डेल्टा स्वरूप का सबसे पहले पिछले साल अक्टूबर में भारत में पता चला था। इसने देश में कोरोना वायरस महामारी की दूसरी लहर के दौरान तबाही मचाई थी, जो अप्रैल और मई में अपने चरम पर थी।

# RNA आधारित नई थेरेपी चूहों को कोरोना से बचाने में कारगर

**वाशिंगटन (भाषा)।** अनुसंधानकर्ताओं ने ऐसे आरएनए (राइबो न्यूक्लिक एसिड) अणु की पहचान की है जो शरीर की वायरस रोधी शुरुआती रक्षा प्रणाली को प्रेरित करता है और चूहों को कोविड-19 बीमारी के लिए जिम्मेदार वायरस सार्स-सीओवी-2 के कई स्वरूपों से बचा सकता है। अध्ययन उन लोगों में कोविड-19 के नए उपचारों का मार्ग खुल सकता है जिनका प्रतिरक्षा तंत्र कमजोर है और उन विकासशील देशों के लिए किफायती थेरेपी उपलब्ध करा सकता है जिनकी टीके तक पहुंच कम है। सार्स-सीओवी-2 के खिलाफ शुरुआती शारीरिक रक्षा प्रणाली - एंटीबाडी और टी कोशिकाओं की भागीदारी से पहले आरआईजी-1 जैसे रिसेप्टर अणुओं पर निर्भर होता है जो वायरस की आनुवंशिक सामग्री को पहचानते हैं और टाइप1 इंटरफेरान्स जैसे प्रोटीन के संकेत उत्पन्न करने को प्रेरित करते हैं। अमेरिका में 'येल स्कूल आफ मेडिसिन' के अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि ये इंटरफेरान प्रोटीन बनने को बढावा देते हैं जो विषाणुओं की संख्या बढाने वाले वायरस के प्रजनन को रोक सकते हैं और संक्रमण से लड़ने के लिए प्रतिरक्षा कोशिकाओं को बनाने को प्रोत्साहित कर सकते हैं। कई अध्ययनों में सुझाया गया है कि इंटरफेरान का जल्दी और मजबूत तरीके से बनना कोविड-19 से बचाता है, जबकि देरी से उत्पादन गंभीर बीमारी से जुड़ा है।

# रफ्तार का नया पार्टी सॉन्ग 'घना कसूता' आउट



**मुंबई (आईएएनएस)।** 'वन माइक स्टैंड 2' पर अपने हास्य कौशल से दर्शकों को हंसाने के बाद, रफ्तार ने अब अपना डांस नंबर 'घना कसूता' जारी किया है, जिसमें उन्होंने सुरभि ज्योति के साथ अभिनय किया है। ट्रैक को दुनिया भर में बड़े पैमाने पर धूमधाम के साथ लान्च किया गया, जबकि रफ्तार और सुरभि रिलीज के लिए लाइव थे। 'घना कसूता' का मतलब है पूरी तरह से बहुत बढ़िया। यह एक उत्साही ट्रैक है जो समकालीन हिप हाप बीट्स और रफ्तार और रश्मीत कौर की आवाज के देसी स्वाद का मिश्रण है। गाने के बारे में रफ्तार ने कहा, बीते दो साल ज्यादातर लोगों के लिए काफी कठिन रहे हैं और इस महीने साल के अंत में उत्सव की शुरूआत के साथ, मैं एक ऐसा ट्रैक बनाना चाहता था जो ज्यादा उत्सवपूर्ण और मनोरंजक हो। 'घना कसूता' हर परिस्थितियों के बावजूद अपने बारे में अच्छा महसूस करने के बारे में है। उन्होंने आगे कहा, यह गीत आपके भीतर के बच्चे को मुक्त करने, आपके पसंदीदा डांसिंग शूज को हथियाने और फर्श पर आग लगाने के बारे में है। यह गाना सोनी म्यूजिक के माध्यम से जारी किया गया है और सभी प्रमुख स्ट्रीमिंग प्लेटफार्म पर उपलब्ध है।

# अभिषेक बच्चन की बॉब बिस्वास ओटीटी पर होगी रिलीज



**मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के जूनियर बी अभिषेक बच्चन की आने वाली फिल्म बॉब बिस्वास ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज होगी। फिल्म बॉब बिस्वास में अभिषेक बच्चन का अहम भूमिका है। इस फिल्म को शाहरूख खान के बैनर रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और बाउंड स्क्रिप्ट प्रोडक्शन तले निर्मित किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि फिल्म बॉब बिस्वास को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी-5 पर रिलीज किया जाएगा। फिल्म का निर्देशन दिया अन्नपूर्णा घोष कर रही हैं। फिल्म बॉब बिस्वास की शूटिंग पिछले साल की शुरुआत में शुरू हुई थी। फिल्म के अधिकांश हिस्सों की शूटिंग कोलकाता में की गई है। यह फिल्म अभी पोस्ट प्रोडक्शन स्टेज में है।**

# 'रॉकस्टार' के 10 साल पूरे



**मुंबई (भाषा)।** इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी फिल्म 'राकस्टार' ने सोमवार को एक दशक पूरा कर लिया और इस मौके पर फिल्म की टीम ने इससे जुड़ी यादें साझा की। इस फिल्म में मुख्य भूमिका में रणबीर कपूर और नरगिस फाखरी नजर आए थे। समीक्षकों द्वारा खूब सराही गई इस फिल्म में कालेज में पढ़ने वाले जनार्दन की कहानी थी, जो बाद में जार्डन नाम के राकस्टार में बदल जाता है और जीवन में दिल टूटने, भटकने और शोहरत तक पहुंचने जैसे मुकामों से गुजरता है। 'सोचा न था', 'जब वी मेट' और 'लव आज कल' जैसी फिल्मों के निर्देशन के लिए मशहूर अली ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के कुछ क्षणों को साझा किया। यह फिल्म जब रिलीज हुई थी तब इसको आलोचकों और दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी लेकिन अब यह हिंदी सिनेमा के 'कल्ट क्लासिक' फिल्मों में से एक में गिनी जाने लगी है। इस फिल्म का दर्शकों पर प्रभाव इसके गानों की वजह से भी है। आस्कर विजेता ए आर रहमान ने इस फिल्म का संगीत दिया था। 'मद्रास कैफे', ' मैं तेरा हीरो' जैसी फिल्मों में काम करने वाली फाखरी ने कहा कि एक कलाकार के रूप में 'राकस्टार' के साथ फिल्म की दुनिया में आने से उनकी जिंदगी बदल गई। इस फिल्म में हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता शम्मी कपूर नजर आए थे, जो उनकी आखिरी फिल्म है।

# एक्शन करती नजर आएंगी कृति सैनन



**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन अपनी आने वाली फिल्म गणपत में जोरदार एक्शन करती नजर आयेंगी। विकास बहल के निर्देशन में बन रही फिल्म गणपत में टाइगर श्राफ और कृति सैनन की मुख्य भूमिका है।कृति सैनन गणपत में टाइगर श्रॉफ के साथ जोरदार एक्शन करती नजर आयेंगी। फिल्म के यूके शेड्यूल से कृति सैनन के किरदार जस्सी का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में कृति का एक्शन गर्ल वाला अवतार सामने आया है। टाइट ब्लैक लेदर जैकेट और जींस में बाइक दौड़ा रही कृति एक्शन के लिए पूरी तरह तैयार दिख रही हैं। कृति ने वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है।बताया जा रहा है कि कृति फिल्म 'गणपत' में टाइगर के साथ कुछ हाई ओक्टेन एक्शन सीन करने वाली हैं। इससे पहले टाइगर श्रॉफ ने एक्शन करते हुए सीन के साथ यूके शेड्यूल शुरू करने की जानकारी दी थी। यह फिल्म अगले साल 23 दिसम्बर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# रवि तेजा की 'खिलाड़ी' अगले साल होगी रिलीज



**हैदराबाद (आईएएनएस)।** तेलुगु अभिनेता रवि तेजा दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं, उनकी फिल्म खिलाड़ी 11 फरवरी, 2022 को सिनेमाघरों पर रिलीज होगी। इस बारे में आधिकारिक घोषणा करते हुए, फिल्म की टीम ने एक पोस्टर जारी किया जिसमें रवि तेजा एक सिगार पीते नजर आ रहे हैं। एक्शन एंटरटेनर मानी जाने वाली खिलाड़ी का निर्देशन रमेश वर्मा ने किया है। अभिनेत्री मीनाक्षी चौधरी और डिंपल हयाती इस आगामी फिल्म में मुख्य अभिनेत्री के रूप में दिखाई देंगी। रवि तेजा खिलाड़ी में एक अलग भूमिका निभा रहे हैं, जिसे बॉलीवुड प्रोडक्शन हाउस पेन स्टूडियो ने ए स्टूडियो के साथ मिलकर बनाया है। फिल्म के कुछ पोस्टर और एक गाना पहले रिलीज किया गया, जिसने खूब सुर्खियां बटोरी।

# नेटफ्लिक्स के लिए 'द आर्चीज' का निर्देशन करेंगी जोया अख्तर

**मुंबई (भाषा)।** फिल्म निर्माता जोया अख्तर आर्ची कामिक्स के पात्र आर्ची एंड्रयूज पर आधारित संगीतमय फिल्म बनाएंगी, जो आनलाइन प्रसारण मंच नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। नेटफ्लिक्स ने एक बयान में बताया कि प्रसारण मंच ने इस फिल्म के लिए आर्ची कामिक्स से करार किया है। इस फिल्म का नाम 'द आर्चीज' है और यह भारत के 1960 के दशक की पृष्ठभूमि में बनेगी। 'जिंदगी न मिलेगी दोबारा', ' दिल धड़कने दो' जैसी फिल्म का निर्देशन करने वाली जोया इससे पहले नेटफ्लिक्स के साथ 'लस्ट स्टोरीज' और 'घोस्ट स्टोरीज' के लिए काम कर चुकी हैं। उन्होंने कहा, मैं द आर्चीज को दर्शकों के बीच लाने के लिए बेहद उत्साहित हूं। मेरे बचपन और किशोरावस्था का यह बड़ा हिस्सा रहा है। इन पात्रों को वैश्विक स्तर पर लोग प्रेम करते हैं और इस वजह मैं थोड़ा घबराई हुई भी हूं। मुझे यह सुनिश्चित करना पड़ेगा कि यह उस पीढ़ी के लोगों की पुरानी यादों को जीवंत कर पाए और मौजूदा युवा पीढ़ी का भी मनोरंजन करे।




# 'अरण्यक'10 दिसम्बर को ओटीटी पर होगी रिलीज



**मुंबई (वार्ता)।** बालीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन की वेबसीरीज 'अरण्यक'10 दिसंबर को ओटीटी पर रिलीज होगी। रवीना टंडन जल्द ही डिजिटल प्लेटफार्म पर अपना डेब्यू करने वाली हैं। वह अपनी वेब सीरीज 'अरण्यक' को लेकर इन दिनों चर्चा में हैं। 'अरण्यक' में रवीना एक पुलिस आफिसर के किरदार में नजर आएंगी। रवीना की 'अरण्यक'10 दिसंबर ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स पर होगी। रवीना टंडन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने लिखा, एक ऐसी कहानी जिसके पीछे छुपी हैं कई और कहानियां। जानना चाहते हैं आप? देखिए 'अरण्यक'10 दिसंबर को सिर्फ नेटफ्लिक्स पर। गौरतलब है कि 'अरण्यक' में परमब्रत चटर्जी, आशुतोष राणा, जाकिर हुसैन और मेघना मलिक भी नजर आएंगी। राय कपूर फिल्म्स और रमेश सिप्पी एंटरटेनमेंट द्वारा इसका निर्माण किया गया है। यह एक रहस्यपूर्ण सुपरनैचुरल थ्रिलर है। इस वेब सीरीज की कहानी एक विदेशी पर्यटक के शहर में गायब होने की है।

# डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की बैठक में राजनाथ सिंह बोले- पांच वर्ष में रक्षा क्षेत्र में निर्यात 33 प्रतिशत बढ़ा





लखनऊ। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ के तीन दिन के दौरे पर पहुंचे हैं। राजनाथ सिंह ने सीएम योगी आदित्यनाद्दथ के सरकारी आवास पर उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर की बैठक में कार्य प्रगति की समीक्षा करने के साथ ही इस उद्योग में निवेश करने वाले लोगों को संबोधित भी किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्ष में भारत का रक्षा निर्यात 33 प्रतिशत बढ़ा है। हम आज 75 देशों को रक्षा निर्यात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब हमारी सरकार डिफेंस इंडस्ट्री से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उत्तर प्रदेश में दोनों डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर इस प्रतिबद्धता का परिणाम हैं। उत्तर प्रदेश में छह नोड में जल्दी ही उत्पादन शुरू हो जाएगा।

लखनऊ तथा झांसी में निवेश करने वालों को जमीन भी उपलब्ध करा दी गई है। हम जल्दी ही एक केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजना ला रहे हैं। जिसमें डिफेंस इंडस्ट्रीज को कॉरिडोर में निवेश करने के लिए इंसेंटिवाइज करने का प्रावधान है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्ग दर्शन में उत्तर प्रदेश ने बीते चार वर्ष में एयर कनेक्टिविटी में बहुत प्रगति की है। मुझे बताते हुए खुशी है कि 2017 तक हमारे सिर्फ दो एयरपोर्ट काम कर रहे थे, आज प्रदेश में हमारे नौ एयरपोर्ट काम कर रहे हैं और हम वर्तमान में 12 नए एयरपोर्ट के निर्माण की कार्रवाई आगे बढ़ा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में तीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट हो गए हैं जबकि चंद रोज बाद चौथे इंटरनेशनल एयरपोर्ट का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दिन में करीब 11 बजे लखनऊ पहुंचे। लखनऊ के चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ब्रजेश पाठक, सतीश महाना, आशुतोष टंडन व राज्य मंत्री स्वाति सिंह तथा विधायकों डाक्टर नीरज बोरा, सुरेश चंद्र तिवारी, अविनाश त्रिवेदी व धीरेंद्र सिंह के साथ नगर की महापौर संयुक्ता भाटिया तथा विद्यासागर गुप्ता चेयरमैन प्राविधिक शिक्षा ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का स्वागत किया।

# अमरोहा के युवक के आधार कार्ड पर जम्मू कश्मीर के व्यक्ति ने लगवाया कोरोना का टीका

मुरादाबाद। अमरोहा के बछरायूं इलाके के ग्राम चौखट निवासी युवक के आधार कार्ड पर जम्मू कश्मीर के रहने वाले अज्ञात व्यक्ति ने स्लाट बुक कर कोरोना की वैक्सीन लगवा ली। उसके मोबाइल पर जब मैसेज पहुंचा तो उसे इसका पता चला। पीड़ित ने थाने पर कार्रवाई के लिए तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के गांव चौखट निवासी नफीस का आरोप है कि उसके आधार कार्ड का किसी व्यक्ति ने दुरुपयोग कर उसके जरिए वैक्सीनेशन किए जाने का स्लाट बुक कराया। इसके बाद वैक्सीन लगवा ली। जांच के दौरान पता चला कि जो व्यक्ति उसके आधार कार्ड का दुरुपयोग कर रहा,है वह जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले का रहने वाला है। उन्होंने पुलिस को इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। थाना प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें ऐसे किसी मामले की जानकारी नहीं है।

**पांच व्यक्ति और निकले डेंगू**



**संक्रमित, बुखार के 318 मरीज :** अमरोहा में एलाइजा जांच में पांच व्यक्ति और डेंगू पाजिटिव पाए गए हैं। जिनका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। जिससे डेंगू केसों की संख्या बढ़कर 670 हो गई है। वहीं सरकारी अस्पतालों में बुखार के 318 मरीज पाए गए हैं। सीएमओ डा. संजय अग्रवाल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग को मिली जांच में पांच व्यक्ति और संक्रमित निकले हैं। सभी को कई दिन से बुखार आ रहा था। जिसमें स्वजन ने पहले तो स्थानीय चिकित्सकों से इलाज कराया, लेकिन राहत नहीं मिलने पर निजी अस्पतालों में भर्ती कराया। जहां डेंगू की पुष्टि हुई है। वहीं जिला अस्पताल समेत सभी सरकारी अस्पतालों में 3553 मरीजों की ओपीडी हुई। इनमें से 318 बुखार के मरीज निकले। जबकि सात टाइफाइड और 27 डायरिया के मरीज पाए गए। गंभीर मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## सीएम योगी ने खिलाड़ियों को दिए 32.50 करोड़ के चेक बोले-कोरोना संकट में भी देश के लिए लड़ते रहे पैरालंपियन

मेरठ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने 17 पैरालंपिक विजेताओं, प्रतिभाग करने वाले छह खिलाड़ियों को 32.50 करोड़ के चेक दिए। प्रशिक्षकों को दस-दस लाख रुपये देने का एलान भी किया। सीएम ने कहा कि कोरोना संकट के समय हमारे पैरालंपियन दिव्यांगता को दरकिनार कर देश के लिए लड़ रहे थे। मेरठ में सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय में गुरुवार को हुए भव्य समारोह में प्रदेश के 75 जिलों के दो हजार से ज्यादा दिव्यांग खिलाड़ी शामिल हुए। प्रदेश का पहला खेल विश्वविद्यालय मेरठ में ही मेजर ध्यानचंद के नाम से जल्द बनाने की बात दोहराई। खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि इनके दम पर ही देश को पैरालंपिक में पहली बार 19 मेडल मिले हैं। योगी ने पैरालंपियनों के परिजनों को भी मंच पर बुलाकर बात की। केंद्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार, डॉ. संजीव बालियान, प्रदेश के खेल मंत्री उपेंद्र कुमार, बाढ़ नियंत्रण एवं सिंचाई मंत्री दिनेश खटीक आदि मौजूद रहे। पैरा ओलपिंक में मेडल लाने वाले गौतमबुद्धनगर के डीएम सुहास एल वाई की तारीख करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें चार करोड़ का चेक देकर पांच विशेष वेतन वृद्धि देने का एलान भी किया। योगी ने कहा कि जब नोएडा कोरोना से जूझ रहा था तब सुहास लोगों को बचाने के लिए शानदार काम कर रहे थे। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने पूर्व सीएम अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि वो खेलों को रोकने वाले थे, हम खेलों को बढ़ाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि पहले मेरठ और आसपास के इलाके में बहन-बेटियों को घर से निकलने में डर लगाता था।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट ने केंद्रीय जीएसटी नेटवर्क को सिस्टम की खामियां दुरुस्त करने का दिया निर्देश



प्रयागराज। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने जीएसटी पोर्टल पर कंपनी को अधूरी नोटिस जारी करने के आदेश को रद कर दिया है। साथ ही सहायक आयुक्त व्यवसाय कर कासगंज, अलीगढ़ को पूरे ब्योरे के साथ नए सिरे से नोटिस जारी करने की छूट दी है। कोर्ट ने केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर नेटवर्क नई दिल्ली को भी अधूरी नोटिस पोर्टल पर अपलोड करने की जांच करने का आदेश देते हुए उपचारात्मक कदम उठाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि जीएसटी पोर्टल पर अपलोड नोटिस के तथ्यों का सत्यापन किया जाए ताकि अनावश्यक याचिकाएं दाखिल न हो। यह आदेश न्यायमूर्ति नाहिद आरा मुनीस तथा न्यायमूर्ति एसडी सिंह की खंडपीठ ने मेसर्स दाऊजी इस्पात कंपनी की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। याचिका पर अधिवक्ता शुभम अग्रवाल ने बहस की। सहायक आयुक्त व्यवसाय कर कासगंज ने याची को कारण बताओ नोटिस जारी की। नोटिस कंपनी के पोर्टल पर दी गई। हालांकि जो नोटिस जीएसटी पोर्टल पर अपलोड है, वह नोटिस याची कंपनी के पोर्टल पर अधूरी भेजी गई। उसमें कारण नहीं बताया गया है, जिसे चुनौती दी गई थी। याची का कहना था कि अधूरी नोटिस के खिलाफ वह अपील दाखिल नहीं कर सकते। क्योंकि कारण नहीं बताया गया है तो जवाब किसका दिया जाए। राज्य सरकार से पूछा गया तो पोर्टल पर अपलोड पूरी नोटिस दाखिल की गई। इस पर कोर्ट ने केंद्रीय जीएसटी नेटवर्क के अधिवक्ता कृष्ण जी शुक्ल से जीएसटी पोर्टल पर अपलोड नोटिस पेश करने को कहा। पोर्टल पर मौजूद नोटिस पेश की गई, जिसके पृष्ठ याची कंपनी को दी गई नोटिस से अधिक थे। याची को अधूरी नोटिस जारी की गई थी। इस पर कोर्ट ने व्यवसाय कर विभाग के अपर आयुक्त को तलब कर सत्यापन करने का निर्देश दिया। याची के पोर्टल पर अधूरी नोटिस पाई गई। कोर्ट ने कारण बताओ नोटिस रद कर दिया है और विभाग को नए सिरे से आदेश देने के लिए प्रकरण वापस कर दिया। साथ ही केंद्रीय जीएसटी नेटवर्क को सिस्टम दुरुस्त करने का आदेश दिया है।

## वेस्ट डिकंपोज कैप्सूल से होगा पराली का निस्तारण

मैनपुरी। जिलेभर में लगभग ढाई हजार किसानों को बृहस्पतिवार को पांच हजार वेस्ट डिकंपोज कैप्सूल का निशुल्क वितरण किया गया। इसके प्रयोग के बारे में भी जानकारी दी गई। जिले में बड़े पैमाने पर धान की खेती होती है। ऐसे में पराली का निस्तारण बड़ी समस्या है। किसानों को पराली के निस्तारण के तहत कृषि विभाग ने वेस्ट डिकंपोज कैप्सूल को विकल्प के रूप में चुना है। इस कैप्सूल से कल्चर तैयार कर पराली का निस्तारण आसानी से किया जा सकेगा। विभाग की ओर से नौ ब्लॉकों पर किसानों को कैप्सूल का वितरण किया गया। प्रति किसान दो कैप्सूल दिए गए। ब्लॉक कुरावली में जिला पंचायत सदस्य शिवम यादव और सहायक विकास अधिकारी कृषि विनोद कुमार ने किसानों को कैप्सूल बांटे।

**जिले को मिले हैं 14400 कैप्सूल** – कृषि विभाग को शासन ने 14400 वेस्ट डिकंपोज कैप्सूल उपलब्ध कराए हैं। विभाग का मानना है कि जब किसान इसका प्रयोग कर पराली का निस्तारण करेंगे तो अन्य किसानों में जागरूकता आएगी।

**ऐसे तैयार करें कल्चर**– अधिकारियों ने वेस्ट डिकंपोज कैप्सूल से कल्चर बनाने की विधि बताई। बताया कि पांच लीटर पानी में तीन सौ ग्राम गुड़ का घोल बनाकर उसे गर्म करें। इस दौरान गंदगी साफ कर लें। घोल को ठंडा कर उसमें 50 ग्राम बेसन मिला लें। इसके बाद दो वेस्ट डिकंपोज कैप्सूल को तोड़कर मिला दें और घोल को कपड़े से ढककर रख दें। सात दिन में ये घोल तैयार हो जाएगा। इसका प्रयोग एक एकड़ की पराली के निस्तारण के लिए किया जा सकता है। दोबारा इसी घोल के कुछ भाग में पानी, गुड़ आदि को बढ़ाकर सात दिन में फिर से तैयार कर सकते हैं।

## 22 लाख की लूट का खुलासा बेटे संग मिलकर मुनीम ने खुद दिया था वारदात को अंजाम

अलीगढ़। शहर मे हुई 22 लाख की सनसनीखेज लूट का खुलासा करने का पुलिस ने दावा किया है। महानगर में धनीपुर मंडी के आढ़ती के मुनीम ने बृहस्पतिवार सुबह अपने बेटे संग मिलकर अपने फर्म स्वामी सहित चार फर्मों के 22 लाख रुपये लूट लिए। बाद में गांधीपार्क थाने के बगल में बदमाशों द्वारा लूट किए जाने की घटना बताकर सबको हिला दिया। वारदात को उस समय अंजाम देना बताया गया, जब मुनीम रुपये निकालकर बैंक से मंडी जा रहा था। खबर पर फर्म स्वामी के पसीने छूट गए और पुलिस में भी हड़कंप मच गया। आनन-फानन एसएसपी सहित पूरा अमला मौके पर पहुंच गया। शुरूआती जांच में ही मुनीम की भूमिका संदिग्ध नजर आई। देर रात 12 बजे पुलिस ने मुनीम के घर से पूरी रकम बरामद कर पिता-पुत्र को लूट में गिरफ्तार कर लिया।

# हरदोई में एक सप्ताह से लापता बालक का मिला शव, परिवारीजन ने लगाया हत्या का आरोप

हरदोई। बेनीगंज क्षेत्र में एक सप्ताह से लापता छात्र का शव बाग में क्षत-विक्षत पड़ा मिला। शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने हरदोई-सीतापुर मार्ग पर जाम लगा दिया। परिवारवाले छात्र के साथ अनहोनी की आशंका जाहिर कर रहे हैं। उनका कहना है कि छात्र के साथ किसी ने अनहोनी की और घटना को छिपाने के लिए हत्या कर शव को बाग में फेंक दिया है।



जाम की जानकारी पर क्षेत्राधिकारी व प्रशासनिक अफसर पहुंचे हैं। ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। बेनीगंज क्षेत्र के एक गांव के रहने वाला कक्षा सात का छात्र तीन नवंबर को घर के बाहर खेलते हुए लापता हो गया। परिवारवालों ने उसकी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद परिवारवाले कोतवाली पहुंचे और छात्र की गुमशुदगी दर्ज कराई। शुक्रवार सुबह छात्र का शव गांव के दक्षिण दिशा में बाग में क्षत-विक्षत शव पड़ा मिला। शव मिलने की जानकारी पर ग्रामीण और परिवारवाले पहुंच गए। देखते ही देखते लोगों की भीड़ ने आक्रोशित होकर हरदोई-सीतापुर मार्ग पर जाम लगा दिया। परिवारवाले अनहोनी की और घटना को छिपाने के लिए हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जता रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाने का प्रयास किया।

**छात्र के सिर पर नहीं थे बाल** : छात्र का जब शव बरामद हुआ तो उसके सिर पर बाल नहीं थे। बाल न होने से परिवारवाले तंत्र-मंत्र की आशंका भी जता रहे हैं। बाग में ही एक पेड़ के सहारे बांका भी रखा मिला है।

**फारेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य** : फारेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर खून और कपड़ों पर मिली मिट्टी के सैंपल लिए, जिन्हें जांच के लिए भेजा जाएगा। ग्रामीणों के आक्रोश और जाम को देखते हुए एएसपी पूर्व अनिल कुमार ने चार थानों की पुलिस को मौके पर बुला लिया। एसडीएम सदर दीक्षा जैन ग्रामीणों को समझाने की कोशिश कर रहीं हैं।

## पहले लड़की पैदा होने पर दिया ताना, फिर दहेज में कार न मिलने पर दिया तीन तलाक

बरेली। निकाह के बाद ही ससुरालियों का लालच बढ़ गया। कार में दहेज की मांग की जाने लगी। मांग न पूरी हुई तो पति का दुस्साहस बढ़ गया और पत्नी को तीन तलाक दे दिया। प्रेमनगर पुलिस ने मामले में आरोपित पति व ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गली वजीर अली बड़ा बाजार की रहने वाली वरीशा ने बताया कि दो जुलाई वर्ष 2020 को प्रेमनगर के मौलानगर के रहने वाले जहांगीर खां उसका निकाह हुआ था। आरोप है कि निकाह के बाद से ही ससुराली दहेज की मांग करने लगे। सास चन्दा बी ने गहने उतरवाकर अपने पास रखे लिये। कार में दहेज की मांग की जाने लगी। मांग से इन्कार करने पर पति, देवर फैजान, अजीज, पति का बहनोई मुन्ना खां व खालू अजीम ने उत्पीड़न शुरू कर दिया। इसी दौरान एक बेटी को जन्म दिया तो ससुराली इससे और नाराज हो बैठे। ताना देकर घर से निकाल दिया। घर आकर आरोपित पति ने तीन तलाक दे दिया।

## कानपुर में बमबाजी : पुराने विवाद में बाइक सवारों ने युवक के घर पर चलाए बम, कैमरे में कैद हुई घटना

कानपुर। नौबस्ता में पुराने विवाद के चलते बाइक सवारों ने युवक के घर के बाहर देर रात ताबड़तोड़ तीन बार बम चलाए। बमबाजी से इलाके में दहशत फैल गई। धमाकों की आवाज सुनकर लोग बाहर निकले तो बाइक सवार वहां से भाग निकले। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। पीड़ित का आरोप है कि तहरीर और सीसीटीवी की फुटेज देने के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। बक्तौरीपुरवा निवासी फूल सिंह ने बताया कि उनके बेटे आशीष यादव उर्फ बाबू का एक साल पहले न्यू श्याम नगर पुरानी बस्ती निवासी अंशुल यादव से विवाद हुआ था। जिसे लेकर वह बेटे से खुन्नस रखता है। आरोप है कि इसी के चलते बीते दस नवंबर को अंशुल अपने साथी के साथ बाइक से देर रात करीब 3:30 बजे उनके दरवाजे पर आया और दीवार पर ताबड़तोड़ तीन बम चलाए। धमाकों की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग बाहर निकले तो आरोपित बाइक लेकर मौके से भाग निकले। बमबाजी के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। हमलावरों की करतूत मोहल्ले के एक मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पीड़ित पक्ष का



आरोप है कि उसने 11 नवंबर को उस्मानपुर चौकी पुलिस को तहरीर और सीसीटीवी फुटेज देकर रिपोर्ट दर्ज करने और कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। वहीं नौबस्ता थाने के एसएसआइ जमाल अहमद ने बताया कि कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## गठबंधन में चुनाव लड़ेगी सपा, कई दलों से मिलाएंगे हाथ : अखिलेश

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना में कश्यप महासम्मेलन के मंच से पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने एलान किया है कि विधानसभा चुनाव में कई दलों के साथ गठबंधन होगा। कुछ दलों से बात हो चुकी है और कुछ दलों से बात चल रही है। मंच से उन्होंने का कि अभी तो बहुत सारे गठबंधन होने हैं। सपा का गठबंधन होने जा रहा है। कई दलों को साथ लिया है, बहुत जल्द आने वाले समय में अन्य दलों के साथ भी गठबंधन होगा। लगातार सपा लोगों को जोड़ रही हैं। सपा अध्यक्ष के एलान के साथ ही कई अटकलों को विराम लग गया है। रालोद के साथ सपा का गठबंधन तय माना जा रहा है। मंच से कहा गया कि कई क्षेत्रीय दलों को मिलाकर एक मजबूत गठबंधन के साथ चुनाव के मैदान में उतरा जाएगा। गठबंधन बेरोजगारी, महंगाई के नाम पर चुनाव लड़ेगा। पूर्व सीएम ने गठबंधन का निर्णायक एलान कर दिया है। ऐसे में सपा से विभिन्न सीटों पर चुनाव की तैयारी कर रहे टिकटार्थियों की धड़कनें भी बढ़नी शुरू हो गई हैं।

# भारत की आजादी में खास योगदान था मौलाना अबुल कलाम का


मौलाना अबुल कलाम आजाद प्रमुख राजनीतिक नेता तथा मुस्लिम विद्वान थे। उन्होंने हिन्दू मुस्लिम एकता का समर्थन किया। साथ ही वह देश के पहले शिक्षा मंत्री थे। आज उस महान शख्सियत का जन्मदिन है तो आइए हम आपको मौलाना अबुल कलाम के बारे में कुछ खास जानकारी देते हैं।

**अबुल कलाम का प्रारंभिक जीवन**

मौलाना आजाद सऊदी अरब के मक्का में 11 नवंबर, 1888 को पैदा हुए थे। उनका वास्तविक नाम अबुल कलाम गुलाम मोहिउद्दीन अहमद था। लेकिन बाद में वह मौलाना आजाद के नाम से मशहूर हुए। मौलाना आजाद स्वतंत्रता की लड़ाई के प्रमुख नेताओं में से एक थे। वह एक बेहतरीन पत्रकार और लेखक भी थे। उनके पिता मौलाना सैयद मोहम्मद खैरुद्दीन बिन अहमद अलहुसैनी थे। वह बहुत विद्वान थे उन्होंने 12 पुस्तकें लिखी थीं। उनकी मां का नाम शेख आलिया बिंते मोहम्मद था। 1890 में उनका परिवार मक्का से कलकत्ता शिफ्ट हो गया था। मौलाना आजाद का विवाह खदीजा बेगम से 13 साल की आयु में हो गया था।

**अबुल कलाम का बचपन**

अबुल कलाम का बचपन भी और बच्चों की तरह ही था। उन्हें खेलने-कूदने और तैरने का शौक था। उनकी याद करने की क्षमता बहुत तेज थी। सीखने, पढ़ने-लिखने और बोलने की इच्छा लगातार बढ़ती रही। बचपन में अबुल कलाम बहुत शरारती थे उन्हें तरह-तरह की शैतानियां करने में बहुत मजा आता था। अबुल कलाम के पिता को उनसे बहुत इच्छाएं थीं। वह चाहते थे कि अबुल कलाम धार्मिक विद्वान बनें।



**प्रारम्भिक शिक्षा**

अबुल कलाम ने बचपन में इस्लामी शिक्षा पायी थी। उन्हें उनके पिता तथा घर में रखे गए एक शिक्षक ने पढ़ाया था। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा इस्लामिक विषयों पर ही हुई थी। इसके अलावा उन्होंने फारसी, हिंदी, उर्दू, बंगाली, इंग्लिश और अरबी की भी पढ़ाई की। साथ ही उन्होंने इतिहास, पश्चिमी दर्शनशास्त्र और समकालीन राजनीतिक की भी पढ़ाई की। उन्होंने कई देशों का भी सफर किया था जिनमें मिस्र, अफगानिस्तान, सीरिया, इराक और तुर्की प्रमुख हैं। वह एक प्रतिभाशाली विद्यार्थी थे। छात्र जीवन में ही उन्होंने अपनी एक लाइब्रेरी शुरू कर दी थी। इसके अलावा उन्होंने एक डिबेटिंग सोसायटी खोला और अपने से बड़े छात्रों को पढ़ाना शुरू कर दिया।

**आजादी की लड़ाई में कलाम ने निभायी प्रमुख भूमिका**

स्वतंत्रता आंदोलन में ब्रिटिश सरकार के खिलाफ छेड़े गए आंदोलन का हिस्सा बने और अल-हिलाल जैसी पत्रिकाएं निकालकर अंग्रेजी सरकार की आलोचना की।

**अबुल कलाम की रचनाएं**

अबुल कलाम बहुत प्रतिभाशाली थे उन्हें उर्दू, फारसी और अरबी की अच्छी जानकारी थी। उन्होंने इंडिया विन्स फ्रीडम या भारत की आजादी की जीत नामक की किताब लिखी थी जो बहुत प्रसिद्ध हुई। इसके अलावा उन्होंने अपनी राजनीतिक आत्मकथा की भी रचना की। लेखन के अलावा उन्हें अनुवाद में भी महारत हासिल थी। उन्होंने कई पुस्तकों का उर्दू से अंग्रेजी में अनुवाद किया। इसके अलावा 1977 में साहित्य अकादमी द्वारा छः संस्करणों में प्रकाशित कुरान का अरबी से उर्दू में भी अनुवाद किया। इसके बाद तर्जमन-ए-कुरान के भी कई संस्करण निकले हैं। गुबारे-ए-खातिर, हिज्र-ओ-वसल, खतबात-ल-आजाद, हमारी आजादी और तजकरा उनकी कुछ प्रमुख पुस्तकें रही हैं। साथ ही उन्होंने अंजमने-तारीकी-ए-हिन्द भी लिखी थी।

**आजाद भारत के पहले शिक्षा मंत्री**

प्रतिभाशाली मौलाना अबुल कलाम आजाद पंडित जवाहरलाल नेहरू की कैबिनेट में 1947 से 1958 तक शिक्षा मंत्री रहे थे। शिक्षा मंत्री रहने के दौरान उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र कई उल्लेखनीय कार्य किए थे। 22 फरवरी, 1958 को हार्ट अटैक से उनका देहांत हो गया था। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। देश में इस समय सभी बड़ी संस्थाएं जैसे आईआईटी, आईआईएम और यूजीसी (यूनिवर्सिटी ग्रांट कमिशन) उनके प्रयासों का ही फल है। उनके योगदानों को देखते हुए 1992 में उनको भारत रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उनके उल्लेखनीय कार्यों को देखते हुए उनका जन्मदिवस राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## बांदा में नाबालिग छात्रा के साथ युवक ने किया दुष्कर्म, झांसा देकर अपने घर ले गया था आरोपित

बांदा। स्कूल से छुट्टी के बाद लौट रही छात्रा के साथ गांव के युवक ने अपने घर ले जाकर दुष्कर्म किया। छात्रा के शोर मचाने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस आरोपित को पकड़ने के लिए दबिश दे रही है। तिंदवारी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी छठवीं कक्षा की 11 वर्षीय छात्रा को उसकी बुआ गोद लिए है। इससे वह बुआ के घर रहकर पढ़ाई करती है। गुरुवार शाम वह स्कूल से छुट्टी के बाद घर लौट रही थी। रास्ते में गांव का युवक अलोक कुशवाहा उसे बोरी व अन्य सामान उठवाने का झांसा देकर अपने घर ले गया। जहां बाद में उसने अपने सूने घर में छात्रा के साथ दुष्कर्म किया।



इस बीच छात्रा जब घर नहीं पहुंची तो बुआ उसे खोजने निकली थीं। छात्रा के शोर मचाने पर बुआ व पड़ोसी मौके पर पहुंचे तो आरोपित युवक पीड़िता को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पीड़िता ने अपनी बुआ से आपबीती बताई। बुआ उसे थाने लेकर पहुंची। पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। थाना प्रभारी चंद्रकांत शुक्ला ने बताया कि बुआ की तहरीर पर आरोपित युवक के विरुद्ध दुष्कर्म व पास्को आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना के बाद से आरोपित फरार है। उसे पकड़ने के लिए पुलिस प्रयास में जुटी है। आरोपित युवक ने घटना अपने दूसरे घर ले जाकर की है। छात्रा का डाक्टरी परीक्षण कराकर उसके 161 के बयान दर्ज किए गए हैं।

# रोमांचक जीत के साथ फाइनल में ऑस्ट्रेलिया

## पाक के हाथ से कैच के साथ फिसला टी20 विश्व कप, हार के साथ पाक का सफर खत्म

**दुबई ।** ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में पांच विकेट से हराकर टी20 विश्व कप में दूसरी बार फाइनल में पहुंचा। सेमीफाइनल मुकाबले में एक समय पाक का पलड़ा भारी लग रहा था। ऑस्ट्रेलिया को अंतिम दो ओवर में 22 रन की जरूरत थी, तभी शाहिन शाह अफरीदी की 19वें ओवर की तीसरी गेंद पर हसन अली ने मैथ्यू वेड का कैच टपका दिया। इसके बाद शाहिन के ओवर की बची तीन गेंदों पर हैट्रिक छक्के जड़ते हुए वेड ने पाकिस्तान की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। स्टोइनिस और वेड ने शानदार बल्लेबाजी का नजारा पेश करते हुए 41 गेंदों पर 75 रन की मैच विजयी नाबाद साझेदारी की।

स्टोइनिस ने जहां 31 गेंदों पर 2 चौके व 2 छक्के की मदद से 40 रन बनाए, वहीं मैथ्यू वेड ने मात्र 17 गेंदों पर चार छक्के व 2 चौके के साथ 41 रनों की विस्फोटक पारी खेली। दोनों ने आस्ट्रेलिया को संकट से उबारा। एक समय आस्ट्रेलिया 12.2 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 96 रन बनाए थे, लेकिन वेड व स्टोइनिस ने आते ही मैच का पांसा पलट दिया। इससे पहले टॉस गंवाकर पहले खेलते हुए पाकिस्तान ने चार विकेट के नुकसान पर 176 रनों का स्कोर बनाया।




मोहम्मद रिजवान 67 रन और फखर जमान 55 ने फिफ्टी लगाई। 177 रनों के टारगेट को ऑस्ट्रेलिया ने बड़े ही रोमांचक अंदाज में एक ओवर पहले पांच विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलिया का 14 नवम्बर को होने वाले फाइनल में अपने पड़ोसी न्यूजीलैंड से मुकाबला होगा जिसने भी इंग्लैंड को पहले सेमीफाइनल में एक ओवर शेष रहते पांच विकेट से हराया था।

### इस साल दुनिया को नया टी20 चैंपियन मिलेगा

ऑस्ट्रेलिया दूसरी बार टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचा है। इससे पहले टीम 2010 में फ इनल में पहुंची थी। तब इंग्लैंड ने उन्हें फाइनल में हराया था।

### ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम तीन ओवर में 50 रन उड़ाए

ऑस्ट्रेलिया ने 17वें ओवर में 13 रन, 18वें ओवर में 15 रन और शाहीन अफरीदी के 19वें ओवर मे 22 रन बटोरे और पांच विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

### ऑस्ट्रेलिया की खराब शुरुआत

जवाब में ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही और पारी की तीसरी ही गेंद पर शाहीन अफरीदी ने एरोन फिंच 0 को एलबीडब्लू पर आउट किया। इसके बाद डेविड वार्नर और मिचेल मार्श ने पारी को संभाल लिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 36 गेंदों पर 51 रन जोड़े। शादाब ने इस साझेदारी को तोड़ा। उन्होंने मार्श 28 को आउट किया। पाकिस्तान को तीसरी सफलता शादाब खान ने स्टीव स्मिथ 5 को आउट कर दिलाई। इसके बाद शादाब ने डेविड वार्नर 49 को भी आउट किया। शादाब ने मैक्सवेल 7 को आउट कर अपनी चौथी सफलता हासिल की और ऑस्ट्रेलिया को पांचवां झटका दिया।

### एक साल में 1000 टी20 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने

टी20 वर्ल्डकप 2021 में पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान ने इतिहास रच दिया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ67 रनों की पारी खेली और इस साल अपने 1000 टी20 रन पूरे कर लिए। रिजवान दुनिया के पहले बल्लेबाज हैं, जिन्होंने एक साल में 1000 टी20 रन बनाए हैं। इस मामले में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने इस साल टी20 में 826 रन बनाए हैं। इस साल बाबर और रिजवान की जोड़ी जबरदस्त फॉर्म में रही है और इन दोनों ने इस साल कई रिकॉर्ड बनाए हैं। रिजवान ने इस साल 23 टी20 मैच खेले हैं और सिर्फ 20 बार ही उन्हें बल्लेबाजी करना का मौका मिला है। इस दौरान उन्होंने 86.08 की औसत से कुल 1033 रन बनाए हैं और उनके बल्ले से 10 अर्धशतक के साथ एक शतक भी निकला है। रिजवान एक मात्र बल्लेबाज हैं, जिन्होंने एक साल में एक हजार से ज्यादा टी20 रन बनाए हैं।

### बाबर ने तोड़ा विराट का रिकॉर्ड: टी20 में सबसे तेज 2500 रन बनाने वाले बल्लेबाज बने

टी20 वर्ल्डकप 2021 में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। वो टी20 क्रिकेट में सबसे तेज 2500 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम था। विराट ने 68 टी20 पारियों में 2500 रन बनाए थे। वहीं बाबर ने सिर्फ 62 पारियों में यह कारनामा किया है। बाबर और विराट के बाद ऑस्ट्रेलिया के एरोन फिंच इस मामले में तीसरे नंबर पर हैं।

# रहाणे पहले मैच में कर सकते हैं कप्तानी

### विराट कोहली व रोहित शर्मा को मिल सकता है आराम

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप से बाहर होने के बाद अब भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टी20 और टेस्ट सीरीज खेलनी है। टी20 सीरीज के लिए तो टीम इंडिया का ऐलान कर दिया गया है, लेकिन टेस्ट को लेकर अभी तक कोई घोषणा नहीं हुई है। सूत्रों के मुताबिक, टेस्ट के लिए भी भारतीय टीम का जल्द ऐलान किया जा सकता है। 17 नवंबर से तीन मैचों की टी20 सीरीज और 25 नवंबर से टेस्ट सीरीज की शुरुआत होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, विराट कोहली को पूरी



टी20 सीरीज से आराम मिलने के बाद पहले टेस्ट से भी आराम देने पर विचार किया जा रहा है। ऐसे में पहले रोहित शर्मा को कप्तान बनाने की बात चल रही थी, लेकिन उन पर भी वर्कलोड के कारण अब अजिंक्य रहाणे को ही कप्तानी सौंपी जाएगी। रोहित न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में टीम इंडिया की कप्तानी कर रहे हैं। ऐसे में बीसीसीआई रोहित को पूरी टेस्ट सीरीज से आराम देने का फैसला करने जा रहा है। इस स्थिति में बोर्ड को एकबार फिर रहाणे की तरफ ही रुख करना होगा। वहीं, दूसरे टेस्ट से विराट कोहली वापसी करेंगे और कप्तानी का जिम्मा संभालेंगे। इसके अलावा चार रेगुलर खिलाड़ियों को भी टेस्ट सीरीज से आराम दिया जा सकता है। इसमें जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, ऋषभ पंत और शार्दुल ठाकुर शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक, बीसीसीआई ने कप्तानी को लेकर लंबी बातचीत की, क्योंकि विराट पहले ही आराम मांग चुके हैं। ऐसे में रोहित को पहले टेस्ट में कप्तानी सौंपने पर विचार किया जा रहा था। इसके बाद रोहित को दूसरे टेस्ट में आराम दिया जाता। हालांकि, रोहित के वर्कलोड को देखने के बाद बोर्ड ने विचार किया कि रोहित को टी20 सीरीज के बाद आराम मिलना जरूरी है, क्योंकि विराट के साथ-साथ रोहित भी पिछले कुछ समय से रेगुलर क्रिकेट खेल रहे हैं। हाल ही में पूर्व कोच रवि शास्त्री, गेंदबाजी कोच भरत अरुण और बुमराह ने आराम दिए जाने को लेकर अपनी बात रखी थी।

# पाक के बांग्लादेश दौरे के लिए नियमों में ढील

### अनिवार्य रूप से कमरों में रहने की जरूरत नहीं होगी

**ढाका।** पाकिस्तान के बांग्लादेश दौरे के लिए क्वारंटीन नियमों में ढील दी गई है। इसके तहत अब इस दौरे के दौरान खिलाड़ियों को अनिवार्य रूप से कमरों में क्वारंटीन रहने की जरूरत नहीं होगी, हालांकि खिलाड़ियों तथा सपोर्ट स्टाफ के एक अनिवार्य कोरोना टेस्ट का निर्णय लिया गया है। दरअसल बांग्लादेश सरकार की ओर से कुछ देशों की कोरोना स्थिति को परिभाषित करने के लिए तैयार की गई सूची में पाकिस्तान और यूएई दोनों ग्रीन जोन में हैं और इस वजह से बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने दौरे के लिए खिलाड़ियों को कमरों में क्वारंटीन न करने का फैसला किया है। उल्लेखनीय है कि फरवरी-मार्च 2020 में जिम्बाब्वे के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के बाद से नए सामान्य वातावरण में यहां आयोजित सभी श्रृंखलाओं में कमरों में तीन दिन का क्वारंटीन अनिवार्य था। बांग्लादेश ने हाल ही में वेस्ट इंडीज, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसी टीमों की मेजबानी की थी और इस दौरान क्वारंटीन के नियम लागू थे। बीसीबी के मुख्य चिकित्सक देबाशीष चौधरी ने बुधवार को एक बयान में कहा, ढाका पहुंचने के बाद पाकिस्तानी टीम के सभी सदस्यों का उनके कमरों में कोरोनो टेस्ट किया जाएगा, जिसमें नेगेटिव पाए जाने के तुरंत बाद वे अपना अभ्यास शुरू कर सकते हैं। बांग्लादेश टीम के लिए भी कोई क्वारंटीन नहीं होगा, लेकिन सभी खिलाड़ियों को कोरोना वैक्सीन के दोनों डोज लेने होंगे।

### तीन टी-20 मैच खेलेगा पाक

बांग्लादेश तीन टी-20 और दो टेस्ट मैचों के लिए पाकिस्तान की मेजबानी करेगा। टी-20 सीरीज के तीनों मैच ढाका में क्रमश: 19, 20 और 22 नवंबर को खेले जाएंगे, जिसके बाद चटोग्राम और मीरपुर में दो टेस्ट होंगे। पहला टेस्ट 26 से 30 नवंबर, जबकि दूसरा चार से आठ दिसंबर के बीच खेला जाएगा।




# अमेरिका को मिल सकता है आईसीसी इवेंट

**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद आईसीसी की ओर से अगले चक्र में अमेरिका को आईसीसी इवेंट आवंटित करने की तैयारी की जा रही है। अगर ऐसा होता है कि अमेरिका में क्रिकेट का कद बहुत बढ़ सकता है। समझा जाता है कि अगर आईसीसी की योजनाएं इस बारे में कोई संकेत देती हैं तो अमेरिका के राष्ट्रीय क्रिकेट निकाय अमेरिका क्रिकेट को 2024 की शुरुआत में एक आईसीसी इवेंट आवंटित किया जाएगा, जो विश्व टूर्नामेंटों के अगले वैश्विक चक्र की शुरुआत करेगा। उल्लेखनीय है कि आईसीसी ने इससे पहले घोषणा की थी कि 2024 में एक टी-20 विश्व कप होगा, जिसके लिए अमेरिका क्रिकेट और क्रिकेट वेस्ट इंडीज संयुक्त बोली लगा सकते हैं। ऐसे में इस बात की पूरी संभावना है कि 20 टीमों और 55 मैचों के इस टूर्नामेंट को अमेरिका और कैरेबियाई बोर्ड को आवंटित किया जाएगा।समझा जाता है कि अमेरिका के प्रति आईसीसी की दिलचस्पी के कई कारण हैं। दरअसल वैश्विक क्रिकेट समुदाय काफी समय से अमेरिकी बाजार को निशाना बना रहा है और इससे भी अधिक महत्वपूर्ण आईसीसी की ओलंपिक महत्वाकांक्षाएं हैं जो 2028 में लॉस एंजेलिस ओलंपिक में वास्तविकता बन सकती हैं। ओलंपिक में क्रिकेट के पदार्पण की उम्मीदों के मद्देनजर 2024 टूर्नामेंट को आवंटित करना समझ में आता है। इसके अलावा क्रिकबज का मानना है कि संभावित प्रसारकों ने भी संकेत दिए हैं कि 2024 टी-20 विश्व कप अमेरिका और वेस्ट इंडीज में जा सकता है। वहीं दुनिया के सबसे बड़े एवं प्रभावशाली क्रिकेट बोर्डों में से एक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को चक्र का आखिरी इवेंट यानी 2031 का वनडे विश्व कप मिल सकता है।

# नस्लवाद संकट को जड़ से खत्म करने आगे आए खेल जगत

### रूट ने नस्लवाद प्रकरण पर दर्द बयां किया

**लंदन ।** इंग्लैंड के कप्तान जो रूट ने यॉर्कशायर नस्लवाद प्रकरण पर दर्द बयां करते हुए नस्लवाद के संकट को जड़ से उखाड़ने के लिए खेल और व्यापक समाज से एक साथ आने की अपील की है।



रूट ने क्वींसलैंड में इंग्लैंड के एशेज बेस से कहा, टीम के पूर्व साथी अजीम रफीक द्वारा संस्थागत नस्लवाद के आरोपों की यॉर्कशायर की जांच के बारे में खुलासे ने हमारे खेल को खंडित कर दिया और जीवन को अलग-थलग कर दिया। इस स्थिति ने मुझे व्यक्तिगत रूप से चोट पहुंचाई थी, लेकिन मैं इसके समाधान का हिस्सा बनना चाहता था। उल्लेखनीय है कि रफीक द्वारा किए गए दावों पर एक स्वतंत्र पैनल की रिपोर्ट के लीक होने के बाद पिछले हफ्ते इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड द्वारा यॉर्कशायर से अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी करने का अधिकार छीन लिया गया था। यॉर्कशायर ने स्वीकार किया था कि रफीक नस्लीय उत्पीड़न का शिकार हुए थे, लेकिन उन्होंने किसी भी मौजूदा खिलाड़ी या स्टाफ सदस्यों के खिलाफ कोई कार्रवाई न करने का विकल्प चुना था। यॉर्कशायर के अध्यक्ष रॉजर हटन ने इस विवाद के बाद पद छोड़ दिया था, साथ ही ईसीबी ने क्लब द्वारा रिपोर्ट को संभालने के लिए एक पहरेदार की नियुक्ति की थी।

# नीरज चोपड़ा ने कहा पीएम मोदी को खिलाना चाहता हूं घर का चूरमा

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में तिरंगा का मान बढ़ाने वाले ओलम्पिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने पीएम मोदी को लेकर अपनी चाहत का इजहार किया है। उन्होंने कहा कि वह पीएम नरेंद्र मोदी को अपने घर का बना चूरमा खिलाना चाहते हैं। नीरज ने जैवलिन थ्रो में टोक्यो ओलिंपिक 2020 में गोल्ड मेडल जीतते हुए इतिहास रचा था। जब नीरज टोक्यो ओलम्पिक से ऐतिहासिक स्वर्ण जीतकर स्वदेश लौटे तो पूरी ओलम्पिक टीम को पीएम नरेंद्र मोदी ने नाश्ते पर आमंत्रित किया था। इस दौरान पीएम ने युवा एथलीट को स्पेशल चूरमा खिलाया था। दरअसल, नीरज का मां ने बताया था कि नीरज को खाने में चूरमा बहुत पसंद है। यह बात कहीं से पीएम को पता चल गई थी और उन्होंने खिलाड़ी की चाहत पूरी की थी। उन्होंने कहा कि पीएम से इस तरह मिलकर अच्छा लगा। उन्होंने न केवल मेडल विनर्स से बात की, बल्कि उनसे भी बात की, जो मेडल जीतने में असफल रहे थे।



### एस्टन विला का मुख्य कोच बने गेरार्ड

**बर्मिंघम।** स्टीवन गेरार्ड को एस्टन विला का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। इस बारे में प्रीमियर लीग क्लब ने गुरुवार को जानकारी दी है। रविवार को इंग्लिश प्रीमियर लीग में विला के लगातार पांच गेम हारने के बाद डीन स्मिथ को निकाल दिया गया था। इसके बाद 41 साल गेरार्ड को उनकी जगह नियुक्त किया गया। विला प्रीमियर लीग में 16वें स्थान पर है। गेरार्ड ने कहा, एस्टन विला अंग्रेजी फुटबॉल के इतिहास में प्रसिद्ध क्लब रहा है और मुझे इसका नया मुख्य कोच बनने पर बहुत गर्व है। क्लब के साथ आगे बढ़ने के लिए उत्सुक हूं। उन्होंने आगे कहा, इस तरह के एक प्रतिष्ठित फुटबॉल क्लब का प्रबंधन करने का अवसर देने के लिए ग्लासगो रेंजर्स से जुड़े सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं। गेरार्ड को प्रीमियर लीग के इतिहास में सबसे महान खिलाड़ियों में से एक माना जाता है, उन्होंने लिवरपूल के लिए 710 मैचों में 186 गोल किए और नौ ट्राफियां जीती है।




### हार के बावजूद याद रखी जाएगी इंग्लैंड के 'सुपरकिंग' खिलाड़ी की पारी, न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के छुड़ाए पसीने

टी20 वर्ल्ड कप में भले ही सेमीफाइन में इंग्लैंड को हार का सामना करना पड़ा लेकिन अपनी टीम के लिए पाकिस्तानी मूल के एक अंग्रेजी क्रिकेटर, मोइन अली ने शानदार बल्लेबाजी की और अपनी टीम को शर्मनाक हार से बचाया। टी20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड ने शानदार प्रदर्शन किया लेकिन सेमीफाइनल में इंग्लैंड न्यूजीलैंड से हार गयी। हार के बाद भी इंग्लैंड के बल्लेबाज मोइन अली ने दबाव में भी न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के पसीने छुड़वा दिए। इंग्लैंड की पारी के दौरान 53 रनों पर 2 विकेट गिर चुके थे। टीम दबाव में थी। मोईन अली पारी के 9वें ओवर की दूसरी गेंद पर बल्लेबाजी करने उतरे। उन पर जीत के लिए एक बड़ा स्कोर करने का दवाब था। दबाव के बाद भी मोइन का बल्ला चला और मोईन अली ने 36 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। आखिरी तक वह मैदान में खड़े रहे और इंग्लैंड के रन रेट को गिरने नहीं दिया। दौरान उन्होंने 3 चौके और 2 छक्के जड़े। अंत में मोईन 37 गेंद में 51 रन बनाकर नाबाद पवेलियन लौटे। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। न्यूजीलैंड ने अपने बॉलिंग के दम पर पावर प्ले की शुरूआत इंग्लैंड के दो विकेट चटका दिए। मोईन अली के शुरू में संघर्ष करने के बाद आखिरी क्षणों की तेजतर्रार पारी के दम पर इंग्लैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में बुधवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ चार विकेट पर 166 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। बेहतरीन फॉर्म में चल रहे जोस बटलर 24 गेंदों पर 29 रन ही बना पाये लेकिन मोईन (37 गेंदों पर नाबाद 51 रन, तीन चौके, दो छक्के) और डाविड मलान (30 गेंदों पर 41 रन, चार चौके, एक छक्का) ने तीसरे विकेट के लिये 63 रन जोड़कर मध्यक्रम में अहम भूमिका निभायी। केन विलियमसन ने सात गेंदबाजों को आजमाया जिनमें से टिम साउदी, एडम मिल्न, जेम्स नीशाम और ईश सोढ़ी ने एक एक विकेट लिया। इंग्लैंड ने टॉस गंवाया और वह पहले बल्लेबाजी के लिये उतरे। जैसन रॉय चोटिल होने के कारण नहीं खेल रहे थे और उनकी अनुपस्थिति में बटलर के साथ पारी का आगाज करने वाले जॉनी बेयरस्टॉ (17 गेंदों पर 13 रन) छठे ओवर में आउट होने से पहले केवल एक विश्वसनीय शॉट लगा पाये थे। बटलर के दो दर्शनीय चौकों और पांच अतिरिक्त रन की मदद से इंग्लैंड ने बोल्ट के पारी के चौथे ओवर में 16 रन बटोरे थे लेकिन मिल्न (31 रन देकर एक) ने गेंद थामते ही बेयरस्टॉ को पवेलियन भेज दिया। विलियमसन ने बेयरस्टॉ के कवर ड्राइव डाइव लगाकर बड़ी खूबसूरती से कैच में बदला। इंग्लैंड पावरप्ले में 40 रन तक ही पहुंच पाया। विलियमसन ने इसके तुरंत बाद दोनों छोर से स्पिन आक्रमण लगा दिया। इसका उन्हें तब फायदा मिला जब लेग स्पिनर सोढ़ी (32 रन देकर एक) ने बटलर को पगबाधा आउट करके न्यूजीलैंड को बड़ी सफलता दिलायी। बटलर रिवर्स स्वीप से चूक गये थे और उन्होंने साथ में एक रिव्यू भी गंवा दिया।

# प्रदेश के विवेक सागर को मिली कमान

## जूनियर विश्व कप के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को आगामी एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2021 के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी।ओडिशा के भुवनेश्वर में 24 नवंबर से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में दुनिया भर की 16 शीर्ष टीमें खिताब के लिए लड़ेंगी, जबकि भारतीय टीम अपना टाइटल डिफेंड करेगी।

हॉकी इंडिया ने टीम की कप्तानी ऐतिहासिक ओलंपिक कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे मिडफील्डर विवेक सागर प्रसाद को सौंपी है, जबकि डिफेंडर संजय को उप कप्तान बनाया गया है जो ब्यूनस आयर्स में युवा ओलंपिक खेलों 2018 में रजत पदक जीतने वाली भारतीय अंडर-18 टीम का हिस्सा थे।उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम टूर्नामेंट में 24 नवंबर को फ्रांस के खिलाफ मुकाबले के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

राउंड रॉबिन लीग में दूसरे मैच में 25 नवंबर को उसका सामना कनाडा से होगा और इसके बाद वह 27 नवंबर को पोलैंड से भिड़ेगी। नॉकआउट मैच एक से पांच दिसंबर के बीच होंगे। भारत के अलावा इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली अन्य टीमों में बेल्जियम, नीदरलैंड, अर्जेंटीना, जर्मनी, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, पाकिस्तान, कोरिया,




मलेशिया, पोलैंड, फ्रांस, चिली, स्पेन और अमेरिका शामिल है। 18 सदस्यीय भारतीय टीम में विवेक सागर और संजय के अलावा अन्य खिलाड़ियों में शारदानंद तिवारी, प्रशांत चौहान, सुदीप चिरमाको, राहुल कुमार राजभर, मनिंदर सिंह, पवन, विष्णुकांत सिंह, अंकित पाल, उत्तम सिंह, सुनील जोजो, मनजीत, रबीचंद्र सिंह मोइरंगथेम, अभिषेक लाकड़ा, यशदीप सिवाच, गुरमुख सिंह और अरायजीत सिंह हुंदल शामिल हैं। इसके अलावा दीनाचंद्र सिंह मोइरंगथेम और बॉबी सिंह धामी को अतिरिक्त खिलाड़ियों के रूप में चुना गया है, जिन्हें मूल टीम के किसी खिलाड़ी के चोटिल होने या कोरोना के कारण टूर्नामेंट से बाहर होने पर ही खेलने की अनुमति दी जाएगी।

### खिलाड़ियों का चयन कठिन काम

टीम के मुख्य कोच ग्राहम रीड ने टीम चयन के बारे में कहा, किसी देश के प्रतिनिधित्व के लिए उसके सर्वश्रेष्ठ 18 खिलाड़ियों का चयन करना खेल में सबसे कठिन काम है। इन खिलाड़ियों में से प्रत्येक ने पिछले 12-18 महीनों से इस टीम को बनाने की कोशिश में अपना सब कुछ लगा दिया है। कोरोना के कारण लगे प्रतिबंधों और लॉकडाउन के चलते बहुत बड़ा बलिदान दिया गया है। हमने 20 खिलाड़ियों का एक समूह चुना है। 18 खिलाड़ियों की मूल टीम हैं और दो अतिरिक्त खिलाड़ी हैं। हमें विश्वास है कि यह टीम हमें जूनियर विश्व कप चैंपियंस के रूप में अपने खिताब को डिफेंड करने का सबसे अच्छा मौका देगी। यह बहुत अधिक लचीलेपन और शानदार खिलाड़ियों वाला एक संतुलित पक्ष है। बड़े मंच पर प्रदर्शन करने वाले इन खिलाड़ियों के लिए एक-दूसरे पर भरोसा करना और अपनी तैयारी पर भरोसा करना महत्वपूर्ण होगा। कोच ने भुवनेश्वर में चल रही टीम की तैयारियों के बारे में कहा, खिलाड़ी पिछले कुछ दिनों से कलिंग हॉकी स्टेडियम में प्रशिक्षण के अवसर का भरपूर आनंद ले रहे हैं जो हमारे खेल में एक प्रतीक बन गया है। भले ही मैदान खाली होगा, लेकिन ओलंपिक ने साबित कर दिया है कि सभी लोग हॉकी के खेल का आनंद घर बैठे ही ले सकते हैं।

# हार्टमन इण्टर कालेज हार्टमनपुर में द्वितीय पूर्व छात्र सम्मेलन सम्पन्न

प्रखर गाजीपुर। जनपद के बाराचंवर ब्लाक क्षेत्र के हार्टमन इंटर कालेज हार्टमनपुर में द्वितीय पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व छात्र छात्राऐं व पूर्व शिक्षक गण भी इस सम्मेलन में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। दीप प्रज्वलन के पश्चात छात्र छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति की गयी। शिक्षक सी0 डी0 जॉन ने आये हुए पूर्व छात्रों व पूर्व शिक्षकों का अपने संबोधन से जोरदार स्वागत किया वहीं रंग बिरंगे कार्यक्रमों द्वारा छात्राओं ने सभी लोगों का दिल मोह लिया।सभी के प्रति आभार शिक्षक अनिल मिश्रा के द्वारा ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि फा0 प्रकाश लुइस ने अपने सम्बोधन में कहा की ऐसे पवित्र सम्मेलन का हार्दिक अभिनंदन होना चाहिए।फा0 फेलिक्स राज प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा की यह सम्मेलन आपका है और आप सभी के लिए आयोजित किया गया है।आप सभी से मिल कर बहुत खुशी हुई।अगले वर्ष में विद्यालय की 75 वीं वर्षगांठ के



अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भी आप सभी सादर आमंत्रित है।आप सभी निश्चित रूप से शामिल होंगे। यह पुरातन छात्र मिलन समारोह आपस में जुडने की एक कडी है। जय बजरंग आई टी आई के प्रबंधक हिमांशु राय ने पूर्व छात्र के रूप में अपना अनुभव मंच से शेयर किया। पूर्व प्रवक्ता एके सिंह.वैज्ञानिक सरलेश यादव ने अपने अनुभव को मंच से व्यक्त किया। अध्यापक एवं चर्चित युवा कवि संजीव त्यागी ने भी मंच से अपना अनुभव भोजपूरी में शेयर किया।मंच का कुशल संचालन कुमारी अंकिता पाण्डेय एवम कुमारी अनिता यादव के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में कोटवां मिशन के फादर अरविंद. फादर सेंगोल. फादर प्रकाश एण्टनी.फादर सुशील तिर्की.फादर सुशील प्रकाश.सिस्टर सुसैनी.सिस्टर पूनम.सिस्टर हेलेन उपस्थित रही।

पूर्व छात्र, छात्राओं ने अपने स्कूल के अनुभव तथा बाहर के अपने अनुभवों को मंच से साझा किया जो वर्तमान में यहाँ पढ़ रहे विद्यार्थियों के लिए उपयोगी रहा।यहां से पढ़े हुए, समाज के अलग अलग क्षेत्रों में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे है। डॉ0 सुभाष यादव यादव, अ क क ट र दिल्ली में प्रोफेसर हैं जो यही की उपज हैं व दुसरे शैलेश यादव, वैज्ञानिक भी यहीं से पढ़े हुए हैं। सभी लोगों ने विद्यालय के अनुशासन को साझा किया। इस मौके पर विद्यालय परिवार के प्रभाकर मणि त्रिपाठी. अजय कुमार. उदय कुमार. राकेश जोसफ. दिनेश पाठक. सत्य प्रकाश. सत्येन्द्र पाण्डेय. राज कुमार भारती. शुभनरायण यादव. महात्मा प्रसाद. राजेश कुशवाहा. समेत सभी शिक्षक छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।

## संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ पर मंडलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

प्रखर वाराणसी। समाजवादी पार्टी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती के मुख्य आतिथ्य में मंडुआडीह स्थित संस्कार वाटिका में संविधान बचाओ , लोकतंत्र बचाओ मंडलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई । बैठक में वाराणसी , मिजार्पुर , भदोही , गाजीपुर , चंदौली , सोनभद्र , जौनपुर के नेता कार्यकर्ता शामिल हुए । मुख्यअतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी मिठाईलाल भारती ने अपने सम्बोधन में



कहा आज लोकतंत्र और संविधान दोनों खतरे में है । प्रदेश में दलित उत्पीड़न के मामले बढ़ रहे हैं । बेरोजगारी , मंहगाई , अपराध से ध्यान भटकाया जा रहा है । अधिकार मांगने पर लाठी और मुकदमे दिए जा रहे हैं । हाथरस , उन्नाव सहित पूरे प्रदेश में बिटियों पर उत्पीड़न के मामले लोगों के जेहन में आज भी याद है । सभी संवैधानिक संस्थानों का भगवाकरण किया जा रहा है । देश को बाबा साहब के दिये संविधान के बजाय आरएसएस के फामूर्ले पर चलाने का षणयंत्र हो रहा है । सैकड़ो की संख्या में लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया । समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से - जिलाध्यक्ष सुजीत यादव उर्फ लक्कड़ , महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा , युवजनसभा प्रदेश सचिव वरुण सिंह , युवजनसभा महानगर अध्यक्ष सत्यप्रकाश सोनकर सोनू , पिछड़ा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष ओपी पटेल , ओपी सिंह , महिलासभा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियांशु यादव , बबिता भारती , मनीष सिंह , प्रतीक कन्नौजिया , स्वप्निल सोनकर सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे ।

## बदमाशों ने व्यवसायी को मारा चाकू एक लाख रुपए लूटकर हुए फरार

कोपागंज, मऊ। कोपागंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा मुंगमास के पास गुरुवार देर शाम दो बाइक पर चार बदमाशों ने व्यवसायी को चाकू मारकर घायल कर दिया। फिर एक लाख रुपये लूट कर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल दुकानदार को अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। इधर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, बलिया जनपद के नगरा निवासी अरविंद चैहान कोपागंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा मुंगमास मे अपनी बहन के पास रहकर घोसी कोतवाली क्षेत्र के पिड़वाल मोड़ पर फर्नीचर की दुकान चलाता है। जब वह अपनी दुकान बंद करके बहन के घर मुंगमास जा रहा था। तभी गांव के मोड़ के पास बदमाशों ने उसे ओवरटेक कर लिया। दुकानदार के रुकते ही बदमाशों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया और एक लाख रुपये की नकदी छीनकर फरार हो गए। उधर घायल की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने इसकी तत्काल सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घयाल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोपागंज पहुंचाया, जहा डॉक्टरों ने उसकी गंभीर अवस्था को देखते हुए जिला असपताल रेफर कर दिया है।

## पुल के नीचे मिला 60 वर्षिय अंधेड़ का शव, मचा हड़कंप

दोहरीघाट, मऊ। कस्बे मे नदी के किनारे घाघरा पुल के नीचे एक साठ वर्षिय अंधेड़ का शव मिलने से सनसनी फैल गयी घटना की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया काफी देर बाद भी शव की शिनाख्त नही हो सकी। कस्बे के एसआई अजीत दूबे ने बताया की सुबह मे शौच करने गये युवक ने पुल के नीचे एक अंधेड़ की लाश देखी जिसकी सुचना पुलिस को दी मय हमराही सिपाही के साथ मौके पर पहुंचे तो देखा कि एक मृत अंधेड़ की लाश पडी हुई है जिसके गर्दन पर काफी चोट के निशान थे तथा वह सफेद फुल बनियान और गुलाबी कलर का जाघिया पहना हुआ था रंग गेहुंआ व लम्बाई साढे पांच फुट एकहरा बदन था।

## 16 नवम्बर से धरना तथा 3दिसम्बर को विशाल सम्मेलन किया जायेगा लखनऊ मे- गिरीश तिवारी

प्रखर चिरईगाव वाराणसी। आल इण्डिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन उ0प्र0 के कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश कुमार तिवारी ने एक बैठक मे बोलते हुए कहा कि सरकार उत्तर प्रदेश कोटेदारो के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है।जिससे कोटेदार काफी नाराज है।प्रदेश मे कोटेदारो का कमीशन नही बढा।जबकि बार बार पत्रकके माध्यमसे अवगत



कराया गया है।करौना काल मे जान की बाजी लगाकर जिस तरह से महीने मे दो बार खाद्यान वितरण किया गया है।लेकिन सरकार या मुख्यमंत्री जी के द्वारा के शब्द ही नही कहा गया कि कोटेदारो के माध्यम से अच्छा काम किया गया।आगे भी मार्च तक खाद्यान निशुल्क कोटेदारो के द्वारा ही वितरण कराने की घोषणा कर चुके है।इन सबसे नाराज कोटेदार 16नवम्बर से ईको गार्डेन पार्क लखन उमे अनवरत धरना तथा20नवम्बर से दो दिवसीय हडतालकरेगे ।अगर सरकार हमलोगो के मागो पर विचार नही करती है।तो 3दिसम्बर को लखन उ मेप्रदेश के 80000हजार कोटेदार विशाल सम्मेलन करेगे।तिवारी जि ने कहा कि प्रदेश मे किसी भी कोटेदारो का संगठन कुछ कार्यकम करता है।तो सभी कोटेदार उस कार्यकम का सहयोग कर सफल बनाये।अगर सरकार हमलोगो का कमीशन नही बढा तो आगामी विधान सभा चुनाव मे जो पार्टी हमलोगो का मागो को अपने घोषणापत्र मे शामिल करेगी। प्रदेश के 80000 हजार कोटेदार उसी का समर्थन करेगे।बैठक मे जिला अध्यक्ष वाराणसी बह्मदेव मिश्रा जिला सचिव अशोक कुमार जिला उपाध्यक्ष दीनानाथ मिश्रा लक्ष्मी पाण्डेय सजय कुशवाहा राजकुमार अशोक मोर्य बद्री गुप्ता राजेन्द यादव तथा तमाम कोटेदार मोजूद थे।

## साथ रहने से इनकार करने पर नाबालिक की महिला ने की थी हत्या

प्रखर पिंडरा वाराणसी। अबैध सम्बन्ध बनाने के लिए अपने साथ बहला फुसलाकर कर एक महीने साथ रखने के बाद नाबालिक की हत्या करने के बाद फरार महिला को चार दिन बाद गिरफ्तार करने के साथ हत्याकांड का फूलपुर पुलिस ने खुलासा करने का दावा किया है। एक माह पूर्व आशा देवी पत्नी करन बनवासी निवासी ग्राम कहरका थाना फूलपुर कि अपने गाँव के अनिल कुमार को अपने साथ अबैध सम्बंध बनाने की नीयत



से बहला फूसलाकर अपने साथ लेकर चली गयी थी । उसको लेकर यहां वहां छुपती रही। कही रहने का ठिकाना न मिलने पर 7 नवम्बर की शाम को अपने परिचित राजकुमार वनवासी निवासी ग्राम अहरकपुर थाना बड़ागाँव के घर लेकर गयी तो राजकुमार व उसकी पत्नी नें अपने घर रखने से मना कर दिया और अपने घर से भगा दिया। तब रेलवे लाइन पकडकर अनिल को लेकर जाने लगी तो अनिल कुमार बार बार अपने घर जाने की जिद करने लगा जिसपर जगदीशपुर रेलवे लाइन पर 7 नवम्बर को रात में 10 बजें लगभग एक पत्थर का टुकडा उठाकर उसके सिर पर कई बार मार दिया जिससे अनिल दो कदम आगे जाकर गिर गया उसके बाद अनिल को छोडकर भाग गयी। सुबह अनिल की लाश मिली थी। तभी से पुलिस उक्त परिजनों के शक के आधार पर उक्त महिला के तलाश में जुटी हुई थी। वही घटना के बाद आशा इधर उधर छिपती छिपाती रही और भागने की फिराक में थी तभी फूलपुर पुलिस ने उसे पिण्डरा बस अड्डा से मुखबिर की सूचना पर पकड़ लिया। थाने पर लाकर जब कढ़ाई से पूछताछ की तो उसने सच्चाई बताई। इसके पूर्व पुलिस ने हत्या के बाद दर्ज धारा 302 व 363 के तहत अभियुक्ता आशा देवी पत्नी करन बनवासी 26 वर्ष की निशानदेही पर खून से सने पत्थर को भी बरामद किया।हत्या के खुलासा करने वालो की टीम में इंस्पेक्टर फूलपुर मुन्ना राम घोसिया, सिपाही इन्द्रमणि मौर्या, आदित्य कुमार, महिला सिपाही खुशबू यादव शामिल रही।

## बनारस-भटनी-बनारस गाड़ी का संचलन 18 नवम्बर से

मऊ। बनारस-भटनी-बनारस डेली अनारक्षित एक्सप्रेस गाड़ी का संचलन 18 नवम्बर से निम्नवत किया जायेगा। इस गाड़ी में सभी कोच आरक्षित श्रेणी के होंगे तथा इसमें यात्रा करने वाले यात्रियों को कोविड-19 नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। गाड़ी संख्या 01748 बनारस-भटनी अनारक्षित एक्सप्रेस गाड़ी बनारस से 06:40 बजे, वाराणसी जं 07:00, वाराणसी सिटी से 07:15 बजे, औड़िहार से 08:10 बजे, दुल्लहपुर से 09:16 बजे, मऊ से 10:10 बजे, इंदारा से 10:23 बजे, बेल्थरा रोड से 10:57 बजे, सलेमपुर से 11:36 बजे छूटकर 12:10 बजे भटनी पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 01747 अनारक्षित एक्सप्रेस गाड़ी भटनी जं से 15:20 बजे प्रस्थान कर पीओकोल हाल्ट से 15:38, सलेमपुर से 15:35 पर, इंदारा जं से 16:45 बजे, मऊ जं से 17:05 बजे, दुल्लहपुर से 17:35 बजे, औड़िहार से 18:48 बजे, सारनाथ से 19:30 बजे छूटकर 20:10 बजे वाराणसी सिटी पहुंचकर टर्मिनेट होगी।

## कांग्रेस महंगाई को लेकर पदयात्रा के माध्यम से ग्रामीणों को करेगी जागरूक

आजमगढ़। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारियों एवं ब्लॉक अध्यक्षों एवं न्याय पंचायत अध्यक्षों ग्राम पंचायत अध्यक्षो फ्रंटल संगठनों विभागों के अध्यक्षों की बैठक एम ए एम गर्ल्स पीजी कॉलेज में संपन्न हुयी। बैठक में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रभारी आजमगढ़ जनपद अहमद शमसाद एवं विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव मनोज कुमार गौतम थे। बैठक का संचालन आद्या प्रसाद सिंह ने किया। इस दौरान आदर्श पार्टी (भारत) के अल्पसंख्यक विभाग की प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद कलामुद्दीन को उनके सौकड़ो समर्थको के साथ कांग्रेस की सदस्यता दिलायी गयी। पदयात्रा की विस्तृत जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अहमद शमशाद ने कहा महंगाई को लेकर आम जनता पूरी तरह से हताश और निराश है लोगों को घर चलाना मुश्किल हो गया है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी भाजपा भगाओ महंगाई हटाओ नारे के साथ पदयात्रा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की जनता को जागरूक करेगी महंगाई के संबंध में ग्रामीणों के साथ पदयात्रा के दौरान बैठक कर उस पर चर्चा की जायेगी एवं कांग्रेस के प्रतिज्ञापत्र का वितरण प्रत्येक घरों में किया जायेगा। पदयात्रा के दौरान रास्ते में पड़ने वाले महापुरुषों की प्रतिमाओं पर कांग्रेसजन माल्यार्पण करेंगे। प्रतिदिन पदयात्रा का आरंभ झंडारोहण से होगा तथा पद यात्रा के समापन पर नुक्कड़ सभायें की जायेगी। जनपद के लालगंज लोकसभा का प्रभार मिलने के बाद आजमगढ़ जनपद में प्रथम आगमन पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज कुमार गौतम का कांग्रेसियों ने माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया। बैठक का समापन करते हुए जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पदयात्रा के सफल संचालन के लिये विधानसभा प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया जा चुका है वह अपने-अपने प्रभार क्षेत्रों से पदयात्रा का सफल संचालन करायेगे और अपनी रिपोर्ट शाम को जिला कांग्रेस कार्यालय एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय को उपलब्ध करायेगे।

## मतदाता सूची में लोगों को जोड़ने के लिए जागरूक अभियान का आयोजन

प्रखर गाजीपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार दिनांक 1 नवम्बर 2021 से 30 नवम्बर 2021 तक चलने वाले विधान सभा सामान्य निर्वाचन-2022 हेतु मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षित कार्यक्रम हेतु 18 वर्ष एवं उससे अधिक के युवाओ को मतदाता सूची से जोड़े जाने एवं जनमानस में जन जागरूकता लाये जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी एम पी सिंह ने पी0जी0कालेज0 गोराबाजार एवं स्वामी सहजानन्द महाविद्यालय पीरनगर गाजीपुर में उपस्थित छात्र-छात्राओं को मतदाता जागरूकता सम्बन्धी शपथ दिलायी । जिला निर्वाचन अधिकारी ने 18 वर्ष एवं उससे उपर की आयु पूर्ण कर चुके युवाओ को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराकर लोकतंत्र के उत्सव में बढ़ चढकर हिस्सा लेने तथा अपने पास पड़ोस एवं परिवा? के लोगो को मतदान के प्रति उनमें जागरूकता लाने की अपील की। उन्होने कहा कि 01 जनवरी 2022 को जिनकी आयु 18 वर्ष



पूरी हो चुकी है उनका नाम मतदाता सूची में आना है और जो मृतक हो चुके है या जिनका नाम त्रृटिपूर्ण या गलत है, या नाम संशोधन कराना है। उनके लिए आयोग द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसकी समय सीमा 01 नवम्बर से 30 नवम्बर 2020 तक निर्धारित है। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण/विशेष अभियान के तहत 13 नवंबर दिन शनिवार, 21 नवंबर दिन रविवार, 27 नवंबर दिन शनिवार को दावे और आपत्तियां प्राप्त करने के लिए सभी मतदान केंद्रों/स्थलों पर विशेष अभियान आयोजित कराए जाएंगे। उन्होने छात्र-छात्राओं से कहा कि अपने-अपने बूथ पर जाकर मतदाता सूची में बी.एल.ओ के माध्यम से आपका नाम जुड़वा सकते है, संशोधन करा सकते है या एक से अधिक विधान सभा मे नाम होने पर नाम हटवा सकते है। उंन्होने कहा कि विशेष परिस्थितियों में यदि किसी प्रकार की समस्या आती है तो जिला निर्वाचन कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है। यदि कोई समस्या का समाधान नही हो पा रहा तो तो अपने मोबाईल से जिलाधिकारी/उपजिलाधिकारी/अपर जिलाधिकारी को फोन करके अपनी समस्या को बता सकते है।

उन्होने बताया कि मतदता सूची में नाम सम्मिलित कराने के लिए फॉर्म 6, प्रवासी भारतीयों के लिए फॉर्म 6क, मतदाता सूची से नाम कटवाने के लिए फॉर्म 7, नाम या अन्य किसी विवरण में संशोधन कराने के लिए फॉर्म 8 एवं एक ही विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत एक मतदेय स्थल से दूसरे मतदेय स्थल पर नाम स्थानांतरित कराने के लिए फार्म 8ह्यकह्य भरते हुए संचालित विशेष अभियान का लाभ उठा सकते हैं । उन्होंने सभी का आह्वान करते हुए कहा कि प्ले स्टोर के माध्यम से अपने अपने मोबाइल में वोटर हेल्पलाइन एप्प डाउनलोड करके अपने घर, से ही ऑनलाइन फॉर्म भरकर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। ऑफलाइन आवेदन करने के लिए विशेष अभियान तिथियों में अपने-अपने मतदान केंद्रों/स्थलों पर उपस्थित होकर बीएलओ अथवा पदाभिहित अधिकारियों के पास अपना आवेदन फॉर्म जमा कर सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय से समस्त शिक्षक, शिक्षणेतर कर्मचारी एवं विद्यालय के छात्र-छात्राए शामिल रहे।

## रहस्यमय बीमारी से मरे परिवार के 7 बच्चों को शुक्रवार को जांच के लिए सोनभद्र ले जाया गया

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर।स्थानीय थाना क्षेत्र के रामपुर ठबही ग्राम पंचायत के खोरिया बस्ती में विगत दिनों रहस्यमय बीमारी से मरे 4 बच्चों के बाद हरकत में आई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शुक्रवार को परिवार में शेष बचे 7 बच्चों को जांच के लिए जिला चिकित्सालय सोनभद्र ले गई । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ के कम्युनिटी मैनेजर राहुल सिंह ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर रामपुर ठबही के खोरिया सोनकर बस्ती के 7 बच्चों को इलाज के लिए सोनभद्र जिला चिकित्सालय लाया गया है । जिसमें राजा उम्र 4 वर्ष पुत्र कल्लू , अनी कुमारी उम्र 5 वर्ष पुत्री राकेश , किशन कुमार उम्र 6 वर्ष पुत्र करीमन , शिव कुमार 7 वर्ष पुत्र बचानू , चांदनी 7 वर्ष पुत्री करीमन ,आकाश 5 वर्ष एवं सोनालिका 6 वर्ष पुत्री विजय कुमार को जांच के लिए एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय सोनभद्र लाया गया है । यहां पर सभी बच्चों का सीटी स्कैन सहित अन्य जांच कर यह पता लगाने का प्रयास किया जाएगा कि इन बच्चों में भी किसी प्रकार का कोई संक्रमण तो नहीं है अगर किसी प्रकार का संक्रमण पाया गया तो उनका समुचित इलाज कराया जाएगा। बच्चों के साथ इनके परिजन भी गए हुए हैं ।

# संक्षिप्त खबरें

## एक नजर इधर भी, जब छठ धाम पहुंचा इश्क का भूत और करने लगा फोटो सूट



प्रखर जखनियां गाजीपुर।( गौरीशंकर पाण्डेय सरस) तहसील क्षेत्र का कटिप्रदेश कल-कल बहती जनपद की इकलौती लंबी नदी मंगई ।नदी के तटवर्ती भाग में छठ मइया की पवित्र बनी वेदियां। वेदियों के आगे नदी के जल में एक तरफ उगते सूर्य को अर्घ्य देते ब्रतधारी स्त्री पुरुष तो दूसरे तरफ नूतन और आकर्षक परिधान में सजी संवरी बैठीं कुछ श्रद्धालु महिलाएं और पुरुष।उजाले की रोशनी में नहाता महा पर्व ।बगल में पटाखे फोड़ती कम उम्र के बच्चों की जमात।डीजे की धुन पर थिरकतीं दो चार संगीत प्रेमी युवतियां सम्पूर्ण घाट अद्भुत और भक्तिमय था।इसी बीच इश्क मिजाजी आशिक प्यार-ए-इजहार करने फोटो ग्राफर के भेष में लोफरे आजम की टोपी पहने मुंह पर छींटदार मास्क लगाएं धमक पड़ा तथाअपने चहेती की फोटो सूट करने लगा। इतने में किसी की नजर लग गई और कानाफूसी इंटर नेट के माध्यम से हरकत ब्राडकास्ट हो गई।फिर क्या ? वही गांव के दो चार मुसरचंड युवकों द्वारा अरेस्ट कराया गया। पूछताछ में साढे नौ से बोतल में बंद छः साला पुराना जिन्न बाहर निकला। निःशुल्क थप्पड़ रसीद का सिलसिला भी ले दनादन चला। भविष्य में असभ्य हरकत नहीं करने की मुकम्मल चेतावनी भी दी गई। कुछ सभ्य लोगों द्वारा गांव की मयार्दा हनन होते देख इलाकाई पुलिस को इत्तला करने की बात भी की गई तो किसी के द्वारा आशिक की धुनाई की खबर मीडिया में देने न देने की बात पर भी माथापच्ची की गई। बहरहाल फोटोग्राफर द्वारा भविष्य में ऐसी हरकत नहीं करने के भरोसे के साथ मामला सलट गया।फिर भी सात तह के भीतर से खबर खोज निकालने वालों से भला ऐसी खबर कैसे छूट जाती। आखिर खबर हाथ लग ही गई।और वही हुआ जिसका अंदेशा था।

## समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश सचिव विवेक रंजन लखनऊ से जौनपुर आगमन पर भव्य स्वागत

प्रखर वाराणसी। समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश सचिव विवेक रंजन लखनऊ से जौनपुर आगमन पर जगह जगह नेताओं व कार्यकताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया । लखनऊ से रास्ते भर सपाइयों ने माला पहनाकर स्वागत किया । जौनपुर सीमा में प्रवेश के साथ ही कार्यकताओं ने हाथोहाथ लिया । समाजवादियों के द्वारा मिले सम्मान पर अपने विचार व्यक्त करते हुए नवनियुक्त प्रदेश



सचिव विवेक रंजन यादव ने कहा कार्यकताओं के द्वारा मिले इस सम्मान को एक ऋण बताया जिसे एक एक कार्यकर्ता के हक सम्मान की लड़ाई लड़कर चुकाने के प्रयास होगा । मेरे पिताजी स्व0 डॉ0 केपी यादव जी ने हमेशा लाल हरे झंडे को बढ़ाने में अपना जीवन समर्पित कर दिया था अब उनके दिखाए रास्ते पर चलते हुए केवल समाजवादी पार्टी को मजबूत करना ही जीवन का उद्देश्य है । सिंगरामऊ , कर्नाटका बॉर्डर पर स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से - अमित यादव , संदीप यादव , देवराज यादव , विजय प्रताप मौर्या बागी , युवजनसभा जिलाध्यक्ष शिवजीत यादव , लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष भानु प्रताप मौर्या , यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष गुड्डू सोनकर , प्रदीप यादव , पप्पू खा , मनोज यादव , जय सिंह बागी , प्रदीप यादव , अमरजीत यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे ।

## तीन दिवसीय बेचू बीर मेला का पहला दिन

**हजारों की संख्या में भक्त पहुंचे बेचू बीर धाम बाबा की कर रहे हैं पूजा अर्चना**

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। अंतर प्रांतीय स्तर पर लगने वाला बेचू बीर का तीन दिवसीय मेला शुक्रवार से शुरू हो गया है । पहले दिन ही मेले में हजारों की संख्या में भक्त दूर-दूर से पहुंच गए हैं । वही ट्रैक्टर सहित अन्य साधनों से मेला स्थल पर जाने वालों भक्तों का ताता लगा हुआ है । मेला स्थल पर पहुंचे भक्त बेचू बीर बाबा एवं बरहिया माई की चौरी पर जाकर पूजा अर्चना कर रहे । बेचू बीर मेले के पहले दिन का ही नजारा बदला-बदला सा नजर आया बरहिया माई एवं बेचूबीर बाबा की चौरी के सामने दर्जनों की संख्या में महिलाएं बाल





खोल कर बैठी नजर आई और अपनी गर्दन को हिलाते हुए खेलती हबुआती रही । उनके साथ आए परिजनों ने बताया कि इन लोगों को भूत प्रेत से परेशानी होती है जिसके समाधान के लिए हम यहां आए हैं और यह महिलाएं बाबा के प्रकोप से खेल रही है । माना जाता है कि जिन भी महिलाओं को भूत प्रेत का असर होता है वह बेचू बीर बाबा के धाम में पहुंचकर खेलने हबुआने लगते है । और धीरे-धीरे उसको प्रेत बाधा से मुक्ति मिल जाती है । इसके साथ ही बेचू बीर बाबा के धाम में दर्जनों की संख्या में पुत्र प्राप्ति की कामना के लिए भी दूर-दूर से श्रद्धालु आए हुए हैं और बाबा के धाम में मत्था टेक कर अपनी सूनी गोद भरने की कामना कर रहे हैं ।

**बाबा को चढता है बकरा , चुनरी नारियल**- बेचू बीर बाबा की चौरी पर बकरा चढ़ाने की परंपरा चली आ रही है । इसके साथ ही नारियल ,चुनरी ,सहित अन्य प्रसाद एवं अपनी स्वेच्छा से लोग आभूषण एवं धोती इत्यादि भी चढ़ाते हैं ।

**तहसीलदार चुनार ने पहुंच कर लिया स्थिति का जायजा**- शुक्रवार से शुरू हो गए बेचूबीर बाबा के मेले के पहले दिन तहसीलदार चुनार ने पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया । इसके साथ ही पुलिस फोर्स भी जगह-जगह चक्रमण करतीं नजर आई । पहले दिन की व्यवस्था में ही बहुत से भक्त पानी के लिए परेशान दिखे । इसके साथ ही सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था ना होने के कारण खुले में शौच करने के लिए लोग बाध्य हुए ।

# अखिलेश की विशाल सभा को लेकर, सपा दिग्गजों ने कसी कमर

प्रखर गाजीपुर। समाजवादी पार्टी की एक आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष रामधारी यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय लोहिया भवन पर आयोजित हुई । इस बैठक में दिनांक 16नवम्बर को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के विजय रथ यात्रा के चौथे चरण में जनपद आगमन पर होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई । उक्त दिवस को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव मुहम्मदाबाद विधानसभा क्षेत्र के पखनपुरा में सभा को संबोधित करने के बाद वहीं से पूर्वांचल एक्सप्रेस पर चढ़कर आजमगढ़ जायेंगे । बैठक में जिलाध्यक्ष रामधारी यादव ने पार्टी के सभी नेताओं एवं कार्यकताओं से बड़ी संख्या में सुबह 9 बजे पखनपुरा स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने का आग्रह किया। बैठक में उपस्थित सभी नेताओं एवं कार्यकताओं ने इस कार्यक्रम में भारी संख्या में पहुंचकर सुल्तानपुर में होने वाली प्रधानमंत्री मोदी की सभा से बड़ी सभा बनाने का संकल्प लिया । इस बैठक में हाल



ही में बसपा से पार्टी में शामिल हुए पूर्व मंत्री डॉ रमाशंकर राजभर एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य रमेश यादव का जिलाध्यक्ष रामधारी यादव, जंगीपुर विधायक डॉ वीरेंद्र यादव एवं डा.सानंद सिंह ने माल्यार्पण कर स्वागत किया और कहा कि पार्टी में इनके शामिल होने से दल को मजबूती मिलेगी । विधायक डॉ वीरेंद्र यादव ने सभी कार्यकताओं से इस कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा सरकार झूठ और फरेब पर टिकी है। जनता इसके झूठ और फरेब को पहचान चुकी।और अब अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए मन बना चुकी है। उन्होंने मोदी जी द्वारा पूर्वांचल एक्सप्रेस का उद्घाटन किये जाने का जिक्र करते हुए कहा कि योगी आदित्यनाथ की सरकार केवल अखिलेश जी के ही किये गये कामों का उद्घाटन कर रही है । भाजपा सरकार का एक भी ऐसा कोई काम नहीं है जिसका शिलान्यास और उद्घाटन दोनों भाजपा सरकार ने किया है । पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह ने भी सभी कार्यकताओं से बड़ी संख्या में पखनपुरा पहुंचकर अपने नेता एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करने का आह्वान करते हुए कहा कि देश पर हुकूमत कर रही भाजपा सरकार को प्रदेश की सत्ता से बेदखल करने की जरूरत है । उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के ही कामों का पुनर्शिलान्यास और उद्घाटन कर अपनी पीठ ठोंक रहे हैं मोदी और योगी।इनके पास अपना बताने के लिए कोई काम नहीं है । पूर्व मंत्री डा. रमाशंकर राजभर ने कहा कि मोदी और योगी जनता को गुमराह कर रहे हैं।जनता के सुख-दुख से भाजपा सरकार का कुछ भी लेना देना नहीं है । यह जनता की समस्याओं का हल करने के बजाय उनके सामने केवल झूठ परोसने में व्यस्त हैं । वरिष्ठ नेता डा.सानंद सिंह ने कहा कि युवा समाजवादी पार्टी का मजबूत स्तंभ है। युवा मिलकर 2022 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लेकर जाएं।

इस बैठक में मुख्य रूप से पूर्व सांसद जगदीश कुशवाहा, पूर्व विधान परिषद सदस्य विजय यादव,पूर्व सांसद राधे मोहन सिंह, सुदर्शन यादव, मन्नू अंसारी ,जै किशन साहू, डॉ सानन्द सिंह,सुधीर यादव, पूर्व प्रमुख विजय यादव, संजय सिंह, गोपाल यादव,अशोक बिंद,महेंद्र चौहान,अरुण कुमार श्रीवास्तव, निजामुद्दीन खां, प्रदीप राजभर, अरविंद यादव, दिनेश सिंह यादव, राजकुमार पाण्डेय, अमित ठाकुर, विनोद पाल, सदानंद कन्नौजिया, अमित सिंह लालू, पिंटू सिंह, रणजीत यादव, अरविंद यादव, आमिर अली, आत्मा यादव, असलम खां, जयहिंद यादव, तहसीन अहमद, अनिल यादव, आलोक सिंह,रामलाल प्रजापति, अजय सेन, रमेश सोनकर, रविशेखर विश्वकर्मा, शिवशंकर यादव, आजाद राय, नन्हें,विजय शंकर पाल, रमेश पांडेय, आदि उपस्थित थे । बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष कन्हैया लाल विश्वकर्मा ने किया ।

## वस्त्र दान फाउंडेशन व बृहस्पति फाउंडेशन द्वारा ई- श्रम कार्ड कैंप का आयोजन किया गया

प्रखर वाराणसी। वस्त्र दान फाउंडेशन व बृहस्पति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में ई - श्रम कार्ड कैम्प का आयोजन सुसुवाही पंचायत भवन में किया गया । जहाँ पर अधिक से अधिक लोगो का रजिस्ट्रेशन किया गया व साथ ही नगर निगम के कर्मचारियों का भी रजिस्ट्रेशन किया गया व उन्हें ई- श्रम कार्ड के विषय में बताया गया की इसके क्या फायदे हो सकते है । संस्था के संस्थापक सुधांशु सिंह का कहना है कि ऐसे कैम्प कई बस्तियों व क्षेत्रों में लगवाया जाएगा और उन्हें इसके बारे में बताया जाएगा । कार्यक्रम मे उपस्थित रहे बृहस्पति फाउंडेशन के संस्थापक अमित प्रजापति, कुंज वर्मा , निधि सिंह , प्रवीण पांडेय,सुनील पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे ।



# नन्दघर पर मना चाचा नेहरू का जन्मदिन

प्रखर पिंडरा वाराणसी। नंदघर परियोजना वेदांता समूह के अनिल अग्रवाल फाउंडेशन की सामाजिक पहल के तहत 201 वाराणसी में संचालित किया जा रहा है। नंदघर के परियोजनाओं की सभी गतिविधियों के संचालन और देखरेख का कार्य भार हुमाना पीपल टु पीपल इंडिया को सौंपा गया जिसके तहत स्टेट कॉर्डिनेटर माधव सिंह और उप जिला सवनवय प्रदीप कुमार के मार्गदर्शन में शुक्रवार को पिंडरा ब्लाक के ग्राम बिदा नंदघर पर बाल दिवस मनाया गया। जिसमे चाचा नेहरू जी का माल्यार्पण करके कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे हुमाना के कलस्टर कॉर्डिनेटर चिराग यादव ने नन्द घर प्रोगराम के बारे में तथा बाल दिवस के बारे में विस्तार पूर्वक से बताया। चाचा



नेहरू बच्चो से अधिक प्रेम करते थे । इसलिए इस दिन को बालदिवस के रूप मे मनाया जाता है । इस प्रोगराम में बच्चो ने डांस सॉन्ग, मेढक रेस , ड्राइंग इत्यादि प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम किए। कार्यक्रम में प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी और तृतीय श्रेणी को पुरस्कार वितरित किया गया। इस दौरान नंदघर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ती इंदु यादव, प्रमिला यादव, सुनीता निर्मला व नन्द घर के बच्चे तथा समुदाय के लोगो ने भाग लिया ।

# संविधान बचाओ ,लोकतंत्र बचाओ मंडलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। समाजवादी पार्टी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती के मुख्य आतिथ्व में मंडुआडीह स्थित संस्कार वाटिका में संविधान बचाओ ,लोकतंत्र बचाओ मंडलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई । बैठक में वाराणसी , मिजार्पुर ,भदोही , गाजीपुर , चंदौली ,सोनभद्र , जौनपुर के नेता कार्यकर्ता शामिल हुऐ मुख्यअतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी मिठाईलाल भारती ने अपने सम्बोधन में कहा आज लोकतंत्र और संविधान दोनों खतरे में है । प्रदेश में दलित उत्पीड़न के मामले बढ़ रहे हैं । बेरोजगारी , मंहगाई , अपराध से ध्यान भटकाया जा रहा है । अधिकार मांगने पर लाठी और मुकदमे दिए जा रहे हैं । हाथरस , उन्नाव सहित पूरे प्रदेश में बिटियों पर उत्पीड़न के मामले लोगों के जेहन में आज भी याद है । सभी संवैधानिक संस्थानों का भगवाकरण किया जा रहा है । देश को बाबा साहब के दिये संविधान के बजाय आरएसएस के फामूर्ले पर चलाने का षणयंत्र हो रहा है । सैकड़ो की संख्या में लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया । समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष सुजीत यादव उर्फ लक्कड़ , महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा , युवजनसभा प्रदेश सचिव वरुण सिंह , युवजनसभा महानगर अध्यक्ष सत्यप्रकाश सोनकर सोनू , पिछड़ा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष ओपी पटेल , ओपी सिंह , महिलासभा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियांशु यादव , बबिता भारती , मनीष सिंह , प्रतीक कन्नौजिया , स्वप्निल सोनकर सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे ।



## राज राजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती मनी

प्रखर पिंडरा वाराणसी। कलचुरी, कलवार, कलाल समाज के आराध्य देव चक्रवतार श्री श्री 1008 राजराजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जी का जन्मोत्सव बुधवार को सायंकाल में जायसवाल युवा मंच वाराणसी के तत्वधान में पिंडरा बजार के डिनर नाइट लान में मनाया गया।



भगवान जनमोत्सव के पावन अवसर पर सर्वप्रथम कुलदेवता के चित्र पर पुष्पार्जन,प्रसाद एवं पूजन किया गया और उनके पदचिन्हों पर चलने व सिंद्धान्तों को अमल में लाने का संकल्प लिया गया।कार्यक्रम की अथिति उ0 प्र0 सरकार के किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य श्रीमती रीता जायसवाल, कांग्रेस प्रवक्ता श्रीमती रोशनी जायसवाल, कुशल जायसवाल, विनय जायसवाल , राकेश जायसवाल , गोपाल जायसवाल, जिलाध्यक्ष,रमेश जायसवाल, विनय जायसवाल एड्वोकेट, शुभम जायसवाल, सौरभ जायसवाल, उमेश जायसवाल,ऋषि जायसवाल , अमित जायसवाल ,रत्नेश जायसवाल,सत्यप्रकाश जायसवाल, अभिषेक जायसवाल, सहित सैकड़ों लोग रहे।

## इटावा जनपद में आगमन के दौरान ए. के. शर्मा का दर्जनों स्थानों पर भव्य स्वागत

प्रखर डेस्क। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य ए. के. शर्मा आज इटावा जनपद के एक दिवसीय प्रवास पर रहे। इटावा जनपद में आगमन के दौरान श्री ए. के. शर्मा जी का दर्जनों स्थानों पर भव्य स्वागत हुआ। सर्वप्रथम उन्होंने इटावा जनपद में सिंचाई विभाग डाक बंगला में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों से संगठनात्मक परिचर्चा की। उसके बाद सती माता मन्दिर, बकेवर इटावा में कबड्डी प्रतियोगिता एवं राष्ट्रीय दंगल कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ए. के. शर्मा ने कहा कि इतिहास में वर्णित है, पहले पहलवान भीम जी हुआ करते थे। शरीर एवं मन का सामंजस्य ही सफलता की ओर ले जाता है। बल के साथ-साथ संयम एवं शील ही एक पहलवान का सबसे बड़ा गुण होता है। यहां देश भर से आये पहलवानों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूँ।

# मौलाना आजाद ने देश को नई राह दिखाई

प्रखर जौनपुर। माइनॉरिटी वेलफेयर सोसाइटी के बैनर तले शिक्षा दिवस के अवसर पर मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती प्रख्यात विचारक मिर्जा दावर बेग की अध्यक्षता मे मनाई गयी।कार्यक्रम की शुरूआत किरत से अजवद कासमी साहब ने की।



मुख्य अतिथि दीवानी बार के पूर्व मंत्री कॉमरेड जय प्रकाश सिंह एडवोकेट ने कहा की मौलाना अबुल कलाम आजाद ने हिन्दू मुस्लिम एकता के लिए काम किया वो हमेशा देश के बारे मे सोचा करते थे उनकी शिक्षा-दीक्षा ऐसी हुई थी की लोग उन्हें सम्मान की दृष्टि से देखते थे और वो दूरदृष्टि सोच के थे। वरिष्ठ अधिवक्ता मेहदी रजा ने कहा की मौलाना अबुल कलाम आजाद ऐसे शख्स थे जिन्होने देश की आजादी के लिए सुख सुविधा को त्याग कर स्वतंत्रता आंदोलन मे कूद पड़े और पत्रकार, लेखक, वकील रणनितिकार के रूप मे देश को स्वतंत्र कराने मे मुख्य भूमिका निभाई। अध्यक्षता करते हुए प्रख्यात विचारक मिर्जा दावर बेग ने कहा की आजाद साहब ने इल्म को अपना हथियार बनाया और लोगो को शिक्षित करने मे लगे रहे वो देश के पहले शिक्षा मंत्री थे उन्होंने शिक्षा की जो बुनियाद डाली आज उसी पर भारत का डंका पुरे विश्व मे बज रहा है।

संचालन कर रहे संस्थाअध्यक्ष हफीज शाह ने कहा की मौलाना अबुल कलाम आजाद पर आज रिसर्च हो रहा है वो बचपन से ही बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे उनके दिखाए राश्तो पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रृद्धांजलि होगी और आने वाले दिनो मे सभी महापुरुषों को और उनकी कुर्बानियों को संस्था याद करेगी। इस अवसर पर मास्टर कलीम, डॉ तुफैल अंसारी, मोहम्मद आसिम आदि ने भी सम्बोधित किया आभार साकिब अहमद ने व्यक्त किया इस अवसर पर एजाज अहमद, मिर्जा तालिब कजालबाश, डॉ अर्शी नवाज, मेराज अहमद,अल्ताफ अहमद, अजीजुल हसन, आसिफ मलिक, रियाजुल, चाँद अटाला आदि लोग मौजूद रहे।

# भारतीय परंपरा संस्कृति को विदेशों में भी धूमधाम से मनाया महापर्व छठ भारतीय महिलाओं नें

प्रखर नैरोबी। पूरे देश में बड़े ही धूमधाम से महापर्व छठ पूजा मनाया जाता हैं, भारत में ही नहीं बल्कि और अलग विदेशों में इस पर्व को भारती महिलाओं ने बड़ी धूम धाम और बड़े ही रीति रिवाज के साथ मना रहे है। विदेशों में भी छठ पूजा के गीत गूंज रहे है। सभी लोग अपनी अपनी तरह से छठ पूजा का पर्व मना रहे हैं, मंगलवार रात को साऊथ अफ्रीका नैरोबी केन्या में भारत के समय के अनुसार ही भारती मूल की महिलाओं की खरना और जलदान की तैयारियां चल रही थी। नैरोबी के लोगों ने पूरे रीति रिवाज, श्रद्धा और सफाई से इस पर्व को मनाया। कुछ लोगों ने अपने घरों में तैयारी करि तो कुछ लोगों ने बहार पार्कों में पूजा करी।



जैसे जैसे सुरुज देव की लालिमा दिखते ही लोगों का आस्था परवान चढ़ती रही। जब आसमान में लालिमा बिखरनी शुरू हुई तो महिलाओं ने अर्ध्य देना शुरू किया। सैकड़ों से ज्यादा लोगों की भीड़ पहुंची अर्घ्य देने बता दें की छठ पूजा के लिए वहां खास इंतजाम किये गये थे। 2020 में करोना महामारी के चलते छठ पूजा की भरी भीड़ देखने को नहीं मिली थी। इस बार काफी उत्साह और भीड़ जुटी महापर्व छठ पूजा करने।

**आसानी से मिल जाते हैं सूप-दऊरा**- नैरोबी में रहने वाली प्रियदर्शिनी, प्रीती मिश्रा, ममता, रीता, रेखा, विनीता, सरिता, रितु, रंजीता, भारती मूल की सभी अति उत्साहित महिलाओं नें बताया कि भारतीय इलाकों वाले बाजारों में छठ को लेकर खासी तैयारी होती है। वहां सूप-दऊरा, कई तरह के फल आदि आसानी से मिल जाते हैं।

## अनियमितता और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा ग्राम सचिवालय, ग्राम प्रधान ने की कार्रवाई की मांग

प्रखर जखनियां गाजीपुर। स्थानीय विकासखंड के गांव फिरोसापुर (बहलोलपुर) में ग्राम सचिवालय (पंचायत भवन) के निर्माण में घोर अनियमितता व भष्ट्राचार उजागर हुआ है। प्रदेश सरकार की नियमावली के अनुसार प्रथम प्राथमिकता में पंचायत भवन, विद्यालय का कायाकल्प,सुलभ शौचालय का कार्य कराना निर्धारित किया गया है। इसके पूर्ण होने पर अन्य कार्य जो ग्राम में आवश्यक हो कराया जाएगा।फिरोसापुर (बहलोलपुर) में पंचायत भवन का निर्माण अपूर्ण होने के कारण विकास कार्य अवरुद्ध है। पंचायत भवन की नींव भराई कराकर निवर्तमान ग्राम प्रधान अरविंद कुमार सिंह,ग्राम पंचायत अधिकारी प्रिया सिंह एवं ब्लाक के जेई अमरेन्द्र चौहान ने मिलीभगत से 27-12-2020 एवं 28-12-2020 सात लाख चालीस हजार रुपए उतार लिये और पंचायत भवन का निर्माण अधूरा छोड़ दिया।ग्राम पंचायत चुनाव में लाची देवी के निर्वाचित होने के बाद गांव में विकास कार्य शुरू करने पर रोक लगा दी



गई।और ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा कहा गया कि जबतक पंचायत भवन पूर्ण नहीं होगा तब-तक गांव में किसी भी तरीके का विकास कार्य नहीं कराया जाएगा। पंचायत भवन पूर्ण नहीं होने के कारण गांव में विकास कार्य बाधित हैं। ग्राम प्रधान लाची देवी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर मांग किया है कि अधूरे पंचायत भवन का निर्माण पूर्ण कराते हुए सरकारी पैसे का दुरपयोग करने वाले दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाय।

# संक्षिप्त खबरें

## मेधावी छात्रा अर्चना का हुआ सम्मान



प्रखर दानगंज वाराणसी। चोलापुर की मेधावी छात्रा अर्चना पटेल का क्क्ळ खए मे चयन होने पर पूर्व विधायक अजगरा त्रिभुवन राम ने सम्मानित किया।भाजपा के सदस्यता अभियान मे सक्रियता बढाने पर जोर दिया। चोलापुर के अर्जना पटेल का IIT JEE मे 670 वां रैक पायी है दुर्गानगर मे आयोजित एक कार्यकम मे सम्मानित किया गया इस दौरान पूर्व विधायक त्रिभुवन राम ने कहा कि आजाद भारत मे एक झण्डा- एक संविधान भाजपा के कार्यकाल मे ही सम्भव हुआ है। प्रदेश मे भाजपा मजबुत होगी तभी प्रदेश और देश सुरक्षित होगा।इस अवसर पर नगीना सेठ ,प्रमोद पाठक,राजकुमार भारती, देवेन्द्र मौर्या,प्रदीप गिरि,राहुल जायसवाल,शैलेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## स्वर्गीय जगदीश चौधरी जी को समाज में उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु पद्मश्री(मरणोपरांत) सम्मान दिया गया

प्रखर रामनगर वाराणसी। स्वर्गीय जगदीश चौधरी जी को समाज में उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु पद्मश्री(मरणोपरांत) सम्मान दिया गया।यह सम्मान उनके पुत्र श्री ओम चौधरी जी ने महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा प्राप्त किया। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा महानगर के अध्यक्ष जितेंद्र सोनकर एव महानगर उपाध्यक्ष अनिरुद्ध कनौजिया के नेतृत्व में श्री ओम चौधरी जी को अंग वस्त्र माल्यार्पण स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित उनके आवास पर किया गया जिसमें अनुसूचित जाति और जनजाति लोगों के बीच में हर्ष का विषय था जिसमें प्रमुख रुप से जितेंद्र कुमार सोनकर अनिरुद्ध कुमार कनौजिया सोशल मीडिया प्रभारी राजीव कुमार विक्रम कुमार चौधरी भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कुलदीप गौड़ जी बबलु चौधरी राजबाबू चौधरी बहादुर चौधरी बलबीर चौधरी विशाल चौधरी अप्पु चौधरी उपस्थित रहे।

## हिंदू युवा वाहिनी रंजय सिंह के नेतृत्व में चेयरमैन को पत्रक दिया गया



प्रखर रामनगर वाराणसी। हिन्दु युवा वाहिनी मंडल रामनगर के द्वारा पत्रक के माध्यम से चेयरमैन श्रीमती रेखा शर्मा जी को अवगत कराया गया कि रामनगर खंडक मैदान के बगल में हनुमान जी की एक मंदिर गिरने की कागार पर है, आप उसकी मरम्मत और उसे सही रूप से सुसज्जित कराने का कार्य करें,रामनगर चेयरमैन प्रतिउत्तर में पुरातत्व विभाग व सांस्कृतिक विभाग को एक एक पत्र लिखो हिन्दु युवा वाहिनी के मुख्य रूप से अध्यक्ष रंजय सिंह व नगर संयोजक दीपक चौहान नगर महामंत्री अजय सिंह उपाध्यक्ष निर्भय पटेल उपस्थित रहे।

## दिव्यांग कल्याण संस्था ने दिव्यांगो को खाद्य सामग्री का किया वितरण



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। दिव्यांग कल्याण संस्था द्वारा केंद्रीय कार्यालय मीरापुर बसही में विधवा ,असहाय ,दिव्यांगो को सूखा राशन का किया वितरण । संस्था के दिव्यांग अध्यक्ष बबलू कुमार ने बताया की पूर्व मे हमारे संस्था के द्वारा विधवा, असहाय, दिव्यांगो को 15 से 20 सिलाई मशीन उत्तर प्रदेश के प्रत्येक ब्लाकों मे वितरण किया जा चुका है और लगातार जगह जगह पर कैंप लगाकर दिव्यांगो की सहायता हेतु योजना चलायी जा रही है। 5000 विकलांग और विधवा लोगों को जनवरी में कंबल वितरण किया जाएगा। पंकज कुमार भारती को संस्था का मीडिया प्रभारी पद पर नियुक्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बबलू कुमार, श्यामजीत यादव, अमिता राठौर ,अजीत भारती, विशाल प्रजापति ,आकाश राठौर ,सहित इत्यादि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर 14 को

प्रखर पिंडरा वाराणसी। विश्व डायबिटीज व बाल दिवस पर जीवन लक्ष्य ट्रस्ट के बैनर तले रविवार को सुबह 10 बजे सिंधोरा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगेगा।उक्त शिविर में मेडिसिन, डायबिटीज, नेत्र, हड्डी, हृदय, बाल रोग व दांत से सम्बंधित रोगों की जांच, इलाज व दवा निशुल्क दी जाएगी। शिविर 10 बजे से 3 बजे तक चलेगा। जिसमे विशेषज्ञ ग्रामीणों को निःशुल्क सेवा देंगे।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वाचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं